www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 75 || अम्बेडकरनगर
शनिवार
06 जून 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः 2 ₹
आज़ादी का अमृत महोत्सव

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:12
सूर्यास्तः 06:58
अधिकतमः 38°00
न्यूनतमः 28°00



पेज 07

विशेष समाचार | तृणमूल कांग्रेस में टूट और... >> पेज 04 | शादी के 37वें दिन कमलेश... >> पेज 06 | ब्रेकअप के बाद सुसाइड के...

आदिशक्ति माँ पाटेश्वरी की पावन धरा जनपद बलरामपुर में आज 294 करोड़ लागत की 75 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास हेतु आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के माध्यम से डबल इंजन सरकार नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने तथा समृद्धि के नए आयाम स्थापित करने हेतु समर्पित भाव से कार्य कर रही है। समस्त जनपद वासियों को हार्दिक बधाई! - सीएम योगी



# हमने नल लगवाए, कोई टोटी चोरी कर रहा : योगी

## ये कहकर मुस्कुराने लगे योगी, जन्मदिन पर समर्थकों ने खून से बधाई संदेश लिखा

योगी ने कहा कोई भी प्लास्टिक वेस्ट किसी सार्वजनिक स्थान पर न फेंकें। जलस्रोत, वाटिका, जंगल, किसी उपवन में न फेंकें। जल संरक्षण का प्रयत्न करें। हमारे घर में बरसात का पानी आता है। उस पानी का एक-एक बूंद संरक्षित करें। जो भी खाली जगह है, वहां एक पौधा रोपें। किसी पेड़ को क्षति न पहुंचाएं और महत्वपूर्ण कार्यक्रम में 1 पौधा लगाएं।


शुभकामनाएं

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । लखनऊ में सीएम योगी ने कहा कि हमें पानी बचाने के लिए काम करना होगा। इसलिए हमने हर घर नल की योजना को बढ़ाया। पता चला कि कोई टोटी चोरी कर रहा है। कोई अन्य तरह से उसका नुकसान कर रहा है। खुला है तो खुला हुआ है। यह कहते हुए सीएम मुस्कुराने लगे। उन्होंने कहा- अगर कोई नल खुला छोड़कर जाए तो उसे टोकना चाहिए। समाज के लोगों का दायित्व है कि वे सरकारी संपत्तियों का नुकसान करने वालों को रोकें। योगी इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुक्रवार को पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। सियासी गलियारे में लोग इस बयान को सपा मुखिया अखिलेश यादव से जोड़कर देख रहे हैं। दरअसल, टोटी चोरी का मामला 2017 में सपा के यूपी की सत्ता से हटने के बाद सामने आया था। बतौर सीएम अखिलेश को 4-विक्रमादित्य मार्ग पर आवास आवंटित था।

>> (शेष पेज 06 पर)





### सिंथेटिक केमिकल मौसम को प्रभावित कर रहे हैं

सीएम योगी ने कहा- सिंथेटिक केमिकल मौसम को प्रभावित कर रहे हैं। सिंथेटिक केमिकल है और समय के साथ डि-कंपोज न होने के कारण ऐसी चीजें पर्यावरण में गल नहीं रही हैं, जो पर्यावरण के लिए नुकसानदायक हैं। इससे वर्षा का चक्र ही बदल गया है। अनियमित वर्षा हो रही है। सूखा पड़ रहा है। इस समय देश के किसी समय में सूखा होता है और दूसरे कोने में वर्षा होती है। प्रदेश में एक ओर अतिवृष्टि है दूसरी ओर अनावृष्टि है। ये तमाम संकट हैं।

गृह मंत्री अमित शाह से लेकर बसपा सुप्रीमो ने सीएम योगी को शुभकामनाएं दीं। इससे पहले, पर्यावरण दिवस पर यूपी में 5 करोड़ पौधे लगाए गए। योगी ने 5, कालिदास मार्ग पर पौधा रोपकर अभियान की शुरुआत की। इसके बाद कुकरैल पहुंचे। औषधि वन की स्थापना की। स्कूली बच्चों को मिठाई बांटी।

### हर नागरिक एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाए

उस पेड़ की रक्षा भी करनी है। हर तरह से उसे बचाना है। पेड़-पौधों को शरारती तत्वों से बचाना है, जीव-जंतुओं से भी बचाना है। जल संरक्षण को अपने जीवन का हिस्सा बनाना है। हमने हर घर नल की योजना को आगे बढ़ाया। पता चला कोई टोटी ही चोरी कर रहा है। नल खुला है तो खुला है। कोई टोटी खोल करके जा रहा है तो उसे टोकना है। सिंगल यूज प्लास्टिक को पूरी तरह रोकें। उससे भी जो नुकसान होते हैं, उसे पर्यावरण के साथ सहना पड़ेगा। प्रकृति के अनुकूल जीवनशैली अपनाना। जीरो नेट के लक्ष्य को प्राप्त करना है। जहां सबसे कम कार्बन उत्सर्जन हो, वह काम करना है।

सीएम योगी ने बताया- वेटलैंड स्कीम के अंतर्गत हमने यूपी में 100 जगहें चिह्नित की हैं। जल संसाधन की दृष्टि से यूपी देश के सर्वोत्तम राज्यों में एक है।

## 3 दिन पुरानी शिवकुमार कैबिनेट से मंत्री का इस्तीफा

बेंगलुरु। कर्नाटक में 3 दिन पुरानी डीके शिवकुमार सरकार से मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। वे पंसदीदा मंत्रालय न मिलने से नाराज थे। मुख्यमंत्री शिवकुमार ने एक दिन पहले ही विभाग बांटे थे।

रेड्डी बेंगलुरु विकास विभाग चाहते थे, लेकिन उन्हें जल संसाधन विभाग दे दिया गया था। रेड्डी ने मीडिया से कहा, 'मैं अब भी कांग्रेस में हूं, पार्टी से इस्तीफा नहीं दिया है। पिछले 53 सालों में कई जिम्मेदारियां निभाई हैं। मैंने कई मुख्यमंत्रियों की कैबिनेट में मंत्री के तौर पर काम किया है। कभी किसी से मंत्री पद नहीं मांगा।' बेंगलुरु विकास विभाग, राज्य की राजधानी में योजना और बुनियादी ढांचे से जुड़ा है। गुरुवार रात ही 13 मंत्रियों में विभागों को बंटवारा किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक को गृह मंत्रालय दिया गया है।

# फायरिंग मामले में हो सकती है खान सर की गिरफ्तारी

## पटना में कोचिंग के बाहर बढ़ाई गई सुरक्षा

हंगामा

तमसा संकेत, एजेंसी

पटना। पटना में फायरिंग मामले में खान सर की गिरफ्तारी हो सकती है। कदमकुआं थाने में फैसल खान उर्फ खान सर के खिलाफ हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

खान सर के गाड्र्स ने पुलिस को बयान दिया है कि उन्होंने हमें कहा तुम गोली चलाओ बाकी हम देख लेंगे। इसी आधार पर पुलिस ने खान सर के खिलाफ FIR दर्ज की है।

BNS की धारा 109 के तहत ये केस दर्ज किया गया है। इसमें 10 साल तक की जेल और जुर्माने का प्रावधान है। इसमें अग्रिम जमानत भी नहीं मिल सकती है। FIR के बाद खान की कोचिंग पर उनके वकील पहुंचे। इधर, लॉ-एंड-ऑर्डर को लेकर IG ऑफिस में पुलिस की हाई लेवल मीटिंग हुई।



- पहले पुलिस की तारीफ की, अब बोले- पुलिस लेट आई
- बच्चों से खान सर बोले- कोचिंग बंद हुई तो फीस बढ़ जाएगी

>> (शेष पेज 06 पर)

# तमिलनाडु में भाजपा छोड़ते ही अन्नामलाई ने नई पार्टी बनाई

## कहा- मतभेद थे, आलाकमान ने चुनाव तक रुकने को कहा था

मतभेद

तमसा संकेत, एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु BJP के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने शुक्रवार को नई पार्टी बनाने का ऐलान किया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो मैसेज में अन्नामलाई ने कहा कि आज हम एक आंदोलन शुरू करने जा रहे हैं। हमारी राजनीतिक पार्टी तमिलनाडु में 2031 में अगला विधानसभा चुनाव लड़ेगी। मेरे लिए यह तय करना बहुत मुश्किल था कि मैं बीजेपी का सदस्य रहूं या तमिल लोगों से जुड़ा रहूं। मैंने 4 दिसंबर 2025 को पार्टी को बताया कि मैं इस्तीफा देने जा रहा हूं। पार्टी ने मुझसे कहा कि पहले चुनाव हो जाने दें, फिर जाएं।

अन्नामलाई ने 2 जून को भाजपा से इस्तीफा दिया था। >> (शेष पेज 06 पर)



अन्नामलाई कर्नाटक कैडर के आईपीएस अधिकारी रहे हैं। नौकरी छोड़कर 2020 में भाजपा से जुड़े। पार्टी ने पहले उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष और फिर अध्यक्ष बनाया। अन्नामलाई के रहते हुए बीजेपी ने 2021 और 2026 विधानसभा चुनाव लड़ा। दोनों ही चुनावों में भाजपा का वोट शेयर 2% से ज्यादा नहीं बढ़ सका।

फास्ट न्यूज

### दिल्ली यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर का फ्लैट में शव मिला

नई दिल्ली। दिल्ली यूनिवर्सिटी के शिवाजी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर देवोस्मिता पॉल (45) का शव गुरुवार को उनके फ्लैट में मिला। वह पूर्वी दिल्ली के वसुंधरा एन्क्लेव स्थित फ्लैट में अकेली रहती थीं।

संबोधन | फैसला

### डीएमके 8 जून को इंडिया की बैठक शामिल नहीं होगी

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि कांग्रेस ने एक्टर विजय की पार्टी TVK को समर्थन देकर DMK के साथ धोखा किया है। वे कांग्रेस के इस विश्वासघात को कभी नहीं भूलेंगे। गुरुवार को चेपॉक-ट्रिप-लिकेन निर्वाचन क्षेत्र में एक धन्यवाद सभा को संबोधित करते हुए उदयनिधि ने कहा- चुनाव के बाद कांग्रेस के जितने भी विधायक जीते। वे DMK लीडर से मिलने तक नहीं आए। इस बीच DMK ने 8 जून को दिल्ली में होने वाली I.N.D.I.A. ब्लॉक की बैठक में नहीं जाने का फैसला लिया है।

### एमपी-यूपी में तेज आंधी के साथ बारिश, राजस्थान में ओले

नई दिल्ली। देश के 11 राज्यों में गुरुवार को आंधी-बारिश ने तबाही मचाई। मध्य प्रदेश के भोपाल में 70kmph की रफ्तार से तूफान आया। इससे कई इलाकों में 80 से ज्यादा पेड़ गिरे। उत्तर प्रदेश के भी 12 शहरों में बारिश हुई, नोएडा में भी दोपहर बाद तेज हवाओं के कारण 400 पेड़ उखड़ गए।

# ऋतब्रत बनर्जी को नेता विपक्ष बनाना अवैध : टीएमसी

## स्पीकर के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे

मीटिंग

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता । TMC में टूट के बाद ममता बनर्जी ने शुक्रवार को पहली बार सीनियर नेताओं के साथ मीटिंग की। पार्टी ने विधानसभा में ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष (LoP) बनाए जाने के फैसले को अवैध बताया है।

TMC सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि स्पीकर के फैसले के खिलाफ सोमवार को हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगें। बागी विधायकों को पहले अपने-अपने क्षेत्रों की जनता के बीच जाकर नया जनादेश लेना चाहिए।

ममता बनर्जी के घर हुए मीटिंग में 8 विधायक और 6 सांसद पहुंचे। ममता के भतीजे अभीषेक बनर्जी पार्टी के महासचिव बने रहेंगे। वहीं, ममता बनर्जी अध्यक्ष बनी रहेंगी।

>> (शेष पेज 06 पर)



- ऋतब्रत बनर्जी बोले- आगे बहुत कुछ हो सकता है
- 3 जून को 58 विधायकों ने ऋतब्रत बनर्जी को नेता चुना था

## मोदी बोले- जिन्होंने देश को दूसरों पर निर्भर रखा, वो आत्मनिर्भर भारत का मजाक उड़ा रहे

# जनता कांग्रेस से नाराज इसीलिए कर्नाटक सीएम बदला : मोदी

उद्घाटन

18,800 करोड़ रुपए की मोदी ने सूरत में सड़क, बिजली और औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

तमसा संकेत, एजेंसी

सूरत । पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस कांग्रेस 12 सालों से अराजकता और अनिश्चितता फैला रही है। कर्नाटक की जनता भी कांग्रेस की नकारात्मकता के नाराज है। इसलिए कर्नाटक में सीएम बदलना पड़ा

मोदी बोले दूसरों पर निर्भर रहने वाले देश विकसित नहीं होते है। आज देश में कुछ निराशावादी लोग हैं, जिन्होंने देश को दूसरों पर निर्भर रखा। आज वो आत्मनिर्भर भारत का मजाक उड़ा रहे हैं। पीएम ने शुक्रवार को गुजरात के सूरत में ये बातें कही। उन्होंने वहां से 18 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। मोदी ने सूरत में सड़क, बिजली और औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी 18,800 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। बीते सालों में दुनिया ने कई बड़ी महामारियों का सामना किया है।

>> (शेष पेज 06 पर)



पीएम ने सूरत में लार्सन एंड टुब्रो के आर्म्ड सिस्टम्स कॉम्प्लेक्स भी पहुंचे। उन्होंने यहां मेड इन इंडिया टैंक, ड्रोन के सामने खड़े होकर उसकी जानकारी ली।



### पीएम दमन में 3000 के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया

सूरत में कार्यक्रम पूरा करने के बाद, प्रधानमंत्री दमन के लिए रवाना हो गए हैं, जहां उन्होंने 3000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। दमन एयरपोर्ट का भी उद्घाटन किया जाएगा। इसके साथ ही दमन से मोदी लक्षद्वीप के लिए 885 करोड़ रुपए की बंदरगाह और टूरिज्म परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन भी करेंगे।

## चर्चा : प्रभारी मंत्री का तीखा वार, कानून व्यवस्था से लेकर चुनाव तक कई मोर्चों पर बयान

# सर्किट हाउस में सियासी गर्मी

- परीक्षा व्यवस्था पर भरोसा, निगरानी को बताया मजबूत कदम
- पिछड़ा वर्ग आयोग से सामाजिक संतुलन की उम्मीद

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। अकबरपुर बसखारी मार्ग स्थित सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने राज्य की कानून व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली और पंचायत चुनाव को लेकर सरकार की स्थिति स्पष्ट की। उनके बयानों के बाद जिले की सियासत में चर्चा तेज हो गई है। प्रभारी मंत्री ने पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कदम सामाजिक न्याय और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण है।



### पंचायत चुनाव को लेकर कानूनी प्रक्रिया का हवाला

पंचायत चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार समय पर चुनाव कराने के पक्ष में है। उन्होंने बताया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है और सरकार ने कोर्ट के निर्देशों के अनुसार जवाब दाखिल किया है।

उन्होंने कहा कि आगे जो भी न्यायालय का निर्णय आएगा, उसका पालन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस विकास कार्यों को तेज करने, योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर है। >> (शेष पेज 06 पर)

प्रभारी मंत्री ने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं की निगरानी अब केंद्र सरकार स्तर पर सीधे की जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे परीक्षा प्रणाली अधिक पारदर्शी हुई है और अभ्यर्थियों को किसी तरह की आशंका नहीं रखनी चाहिए।

### अपराध नियंत्रण पर सख्त रुख, पुलिस कार्रवाई का बचाव

गाजीपुर एनकाउंटर से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि राज्य में पुलिस पूरी मजबूती के साथ अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है और कार्रवाई अपराध के आधार पर होती है, किसी पहचान के आधार पर नहीं।

# 'पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित बाल्टिस्तान में चुनाव से भारत नाराज'

## कहा- इससे अवैध कब्जा वैध नहीं होगा

विरोध

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में 7 जून को होने वाले विधानसभा चुनावों का कड़ा विरोध किया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान जिस क्षेत्र पर अवैध और जबरन कब्जा किए हुए है, वहां चुनाव कराने की उसकी योजना पूरी तरह अस्वीकार्य है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पूरा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, जिसमें गिलगित-बाल्टिस्तान भी शामिल है, भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। इसलिए पाकिस्तान को उन क्षेत्रों में किसी भी तरह की राजनीतिक प्रक्रिया चलाने का कोई अधिकार नहीं है। चुनाव कराने जैसी गतिविधियां वहां की जमीनी हकीकत को नहीं बदल सकतीं।

गिलगित-बाल्टिस्तान में रविवार को 10 जिलों की 24 सीटों पर मतदान कराया जाएगा। यह भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का हिस्सा है।

>> (शेष पेज 06 पर)



- साढ़े पांच साल बाद हो रहे चुनाव
- गिलगित-बाल्टिस्तान में दूसरा चुनाव

# 38 शहरों में आंधी-तूफान की चेतावनी

अलर्ट

## लखनऊ समेत 5 जिलों में बारिश, 70 जिलों में बरसात का अलर्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। यूपी में आंधी-बारिश का सिलसिला जारी है। शुक्रवार सुबह लखनऊ, बिजनौर समेत 5 जिलों में तेज हवाएं चलीं। काफी देर तक रुक-रुक कर बारिश हुई। बिजली कड़की। बादल भी गरजे। बाराबंकी, आगरा और बरेली में भी बूंदाबांदी हुई।

इसके अलावा, कानपुर-वाराणसी समेत बाकी जिलों में तेज धूप है। दिन चढ़ने के साथ उमा बढ़ने लगी है। मौसम विभाग (IMD) ने आज लखनऊ, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज और उन्नाव को छोड़कर बाकी सभी 70 जिलों में हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है।

38 जिलों में आंधी-तूफान का अलर्ट है। इनमें से 21 जिलों में ऑरेंज और 17 में येलो अलर्ट है। IMD के मुताबिक, अगले 24 घंटे तक प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा। इससे आंधी-बारिश होती रहेगी। इसके बाद मौसम बदलेगा। गर्मी अपने तेवर दिखाएगी। तेज धूप की वजह से गर्म हवाएं चलेंगी।

इससे पहले, गुरुवार को पश्चिमी विक्षोभ का असर प्रदेश के कई जिलों में देखने को मिला। पूर्वी और पश्चिमी संभाग के 15 शहरों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। गोरखपुर में सबसे ज्यादा 21.7 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।



### झांसी में तेज धूप, शाम को आंधी-तूफान का अलर्ट

झांसी में शुक्रवार को तेज धूप के साथ हवाओं का असर भी देखने को मिला। दोपहर तक तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि मौसम विभाग ने अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई है। साथ ही जिले में आंधी और बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी के मुताबिक, आज जिले में 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

### यूपी में मानसून 24 जून तक पहुंचेगा, 4 दिन लेट

यूपी में मानसून 24 जून तक पहुंच सकता है। आने के बाद 10 दिनों में मानसून पूरे यूपी पर छा जाएगा। आमतौर पर 18-20 जून के बीच मानसून यूपी पहुंचता है। इस बार तय समय से 4 दिन लेट है। आसार ऐसे हैं कि 20 से 25 दिन में मानसून कमजोर भी पड़ जाएगा। 4 जून से यूपी में नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हुआ है। इसकी वजह से 7 जून तक आंधी-बारिश का मौसम बना रहेगा। इसके बाद वेस्टर्न डिस्टर्बेंस कमजोर होता जाएगा और तापमान में बढ़ोतरी होगी। मानसून ने देश में 4 दिन की देरी से 4 मई को केरलम में एंट्री ली है।

### गोरखपुर में आसमान साफ

गोरखपुर में सुबह से ही आसमान साफ है। तेज धूप निकली है। गर्मी का असर ज्यादा महसूस हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आज शहर का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान करीब 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। फिलहाल आने वाले समय में आसमान में हल्के बादलों की आवाजाही भी देखने को मिल सकती है।

### गोरखपुर में बदला मौसम का मिजाज, बारिश और ठंडी हवाओं से मिली राहत

गोरखपुर में शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह तेज धूप और उमस से लोग परेशान रहे, लेकिन दोपहर बाद आसमान घने बादलों से ढक गया। इसके बाद तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली तथा तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बारिश और ठंडी हवाओं से मौसम सुहावना हो गया है। मौसम विभाग ने शनिवार तक बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया है।

# गोरखपुर में पति-पत्नी को ट्रक ने रौंदा, मौत

## 100 मीटर तक घिसटते रहे 7 साल का बेटा गंभीर

तमसा संकेत, एजेंसी




गोरखपुर। गोरखपुर में तेज रफ्तार ट्रक (ट्रेलर) ने पति-पत्नी को रौंद दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक से पति-पत्नी अपने 7 साल के बच्चे के साथ तरकुलहा देवी मंदिर जा रहे थे तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दी।

बच्चा छिटक कर दूर जा गिरा जबकि पति-पत्नी करीब 100 मीटर तक घिसटते चले गए। बुरी तरह से कुचले जाने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। उधर, हादसे के बाद लोगों ने पीछा किया तो करीब एक किमी दूर जाकर ड्राइवर ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

यह हादसा शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे चौरीचौरा थाना क्षेत्र के भोपा चौराहे के पास हुआ। मृतकों की पहचान देवरिया निवासी संतराज भारती (35) और उनकी पत्नी प्रेमशीला (32) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि परिवार के साथ प्रेमशीला गोरखपुर के झंगहा क्षेत्र में अपने मौसी के घर आई थी। शुक्रवार को वहीं से तरकुलहा देवी मंदिर के लिए निकले थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। देवरिया के थाना तरकुलवा के कुरैना के रहने वाले संतराज भारती (35), प्रेमशीला (32) थे। शुक्रवार सुबह दोनों अपने बेटे संगम के साथ प्रेमशीला की मौसी के घर झंगहा गए थे। घर पर थोड़ी देर रहने के बाद दोनों परिवारों के लोगों ने तरकुलहा देवी के दर्शन का कार्यक्रम बनाया।

फास्ट न्यूज

### पंचायत चुनाव की सूची से 27 हजार नाम डिलीट

गोरखपुर । त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की मतदाता सूची से 27000 नाम और डिलीट किए जा रहे हैं। संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के तीसरे चरण का सत्यापन का काम पूरा हो गया है। लगभग एक महीने तक किए गए सत्यापन में 27000 लोग ऐसे मिले हैं, जिनका नाम उनकी ग्राम पंचायत के साथ ही जिले की 2 या दो से अधिक ग्राम पंचायतों में भी है।

### वाराणसी में बंद मकान से करोड़ों की चोरी

वाराणसी। वाराणसी के शिवपुर थाना क्षेत्र स्थित गनेशपुर में बंद पड़े एक मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नकदी और करोड़ों रुपये के आभूषण चोरी कर लिए। पीड़ित परिवार के अनुसार, बदमाश डेढ़ लाख रुपये से अधिक नकदी और करीब ढाई करोड़ रुपये मूल्य के सोने व हीरे के गहने लेकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

मूल रूप से बिहार के सासाराम निवासी कुमार विनोद वर्ष 2022 से परिवार के साथ गनेशपुर स्थित मकान में रह रहे हैं।

### कांग्रेस नेता के घर आधी रात पहुंची पुलिस

मेजा। प्रयागराज में कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष के घर आधी रात पुलिस की कई गाड़ियां पहुंचीं। पुलिस ने घर का दरवाजा खटखटाया और फिर लौट गई। रात के सन्नाटे में वाहनों के सायरन ने लोगों की नींद उड़ा दी। इसके बाद कांग्रेस नेता के घर का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। उन्होंने खुद वीडियो वायरल कर पुलिस से लेकर सरकार तक आरोपों की झड़ी लगा दी।

# प्रयागराज में आप का बिजली संकट पर प्रदर्शन

तमसा संकेत, एजेंसी



प्रयागराज । आम आदमी पार्टी (AAP) के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को प्रयागराज में बिजली दरों में वृद्धि और लगातार हो रही कटौती के विरोध में प्रदर्शन किया। पार्टी के 'हल्ला बोल आंदोलन' के तहत कार्यकर्ताओं ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के चीफ इंजीनियर कार्यालय के बाहर धरना दिया, सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और ज्ञापन सौंपा। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। काशी प्रांत अध्यक्ष पवन तिवारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि बिजली दरों में लगातार बढ़ोतरी और अनियमित कटौती से आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि सरकार समस्या का समाधान करने के बजाय लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही है।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि भीषण गर्मी के दौरान लगातार बिजली कटौती से आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इससे छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है, छोटे व्यापारियों का काम प्रभावित हो रहा है और घरेलू उपभोक्ताओं को भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बढ़े हुए बिजली बिलों ने मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने इस आंदोलन को जनहित का मुद्दा बताया, न कि केवल राजनीतिक। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार बिजली व्यवस्था सुधारने में पूरी तरह विफल रही है, जिसके कारण जनता महंगी बिजली और कटौती दोनों की मार झेलने को मजबूर है।

# 'माफिया को चुनोगे तो खून ही चूसेगा'

## बलरामपुर में बोले सीएम- जो सूअर बनकर प्रदेश को तबाह करते, उन्हें ही तबाह किया गया

तमसा संकेत, एजेंसी

बलरामपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दो दिन के दौरे पर बलरामपुर पहुंचे। सीएम ने यहां करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कई विभागों के लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। साथ ही छोटे बच्चों को गोद में लेकर अपने हाथों से खीर खिलाई। सीएम ने मंच से जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, प्रदेश में चूहे पहले बिदकते थे, बाद में सूअर बनकर पूरे प्रदेश को तबाह करने लगे। आज उनको ही तबाह कर दिया गया है। अगर माफिया को चुनोगे तो खून भी चूस डालेगा। विकास का पैसा खा लेगा। संपत्तियों पर भी कब्जा करता है।

आज विश्व पर्यायवरण दिवस है। ये दिन हमें बताता है कि जल है तो कल है और वन है तो जीवन है। अगर हम जल के स्त्रोत को गंदा करते हैं तो इसका परिणाम भी हम ही झेलेंगे। आज बलरामपुर विकास की ओर बढ़ रहा है। आज यहां बिजली-पानी की व्यवस्था है। लेकिन अगर बेटी को छेड़ने का काम किया, व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाने का काम किया तो किसी को छोड़ेंगे नहीं। अब दंगा मुक्त, गुंडा मुक्त प्रदेश होकर उत्तर प्रदेश बहुत तेजी से उभर रहा है। पहले आप कहीं जाते थे, माफिया से आपका संबंध आपकी पहचान पर संकट लाता था लेकिन वही मफिया मिट्टी में मिल गए।

2017 से पहले यूपी से आए हुए व्यक्ति से लोग दूरी बना लेते थे लेकिन अब 10 कदम आगे आकर आपको गले लगाते हैं। आज की पहचान सुरक्षा के लिए हो रही है। आज प्रदेश की पहचान देश के युवा राज्य की तरह हो रही है। यूपी की पहचान आध्यात्म पर्यटन की तरह बढ़ रही है।



### माफिया की पहचान से होता है संकट

नौजवानों के लिए रोजगार, शासन की योजनाओं से जोड़ने और बहन-बेटियों में सुरक्षा की भावना उत्पन्न कराया जा रहा है। बिना भेदभाव के सबको विकास के तहत लाभ पहुंचाया जा रहा है। पीएम सबका साथ-सबका विकास पर काम कर रहे हैं।

### सिंचाई की समस्या का समाधान किया जा रहा

मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यायल और थारू संग्रहालय का सपना साकार हुआ है। 2007 से मांग थी लेकिन अब जाकर मथुरा घाट पर ब्रिज की स्वीकृति मिली है। आज सड़कें चका चक बन रही हैं। बाढ़ की समस्या का समाधान किया जा रहा है। बांधों की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। सिंचाई की समस्या का समाधान किया जा रहा है।

> विकास के मॉडल को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आज मैं आपके बीच में हूं। 2017 से पहले यहां सपा के गुंडे-दलाल राशन खा जाते थे। गरीब को राशन नहीं मिल पाता था। आज हमने आपको कार्ड भी दिया है। गरीब को फ्री में राशन मिल रहा है। मकान दिया जा रहा है। शौचालय का निर्माण किया जा रहा है।

## प्रयागराज में ठेकेदार से 20 लाख मांगे थे, 1 करोड़ होना था भुगतान

# डाकघर के एक्सईएन को सीबीआई ने घूस लेते पकड़ा

तमसा संकेत, एजेंसी


एक्सईएन आशीष अग्रवाल

प्रयागराज । प्रयागराज के प्रधान डाकघर में गुरुवार को सीबीआई ने रेड डाली। सीबीआई ने एक्सईएन आशीष अग्रवाल को डेढ़ लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद सीबीआई अफसरों ने एक्सईएन से लंबी पूछताछ की। विभाग के आला अफसरों से भी पूछताछ की गई। कई अधिकारियों से हस्ताक्षर कराने के बाद सीबीआई एक्सईएन आशीष अग्रवाल को अपने साथ ले गई।

बांदा के रहने वाले कंस्ट्रक्शन कंपनी ठेकेदार सनद मिश्र ने प्रयागराज प्रधान डाकघर का साथ ही वाराणसी और गोरखपुर डाकघर में रेनोवेशन और निर्माण कार्यों का ठेका कई करोड़ में लिया है। गोरखपुर में हुए निर्माण कार्यों के संबंध में करीब एक करोड़ रुपए का भुगतान होना था। इस भुगतान के लिए 20 लाख रुपए रिश्वत की मांग की गई थी। यह रकम एक्सईएन आशीष अग्रवाल ने मांगी थी, जो विभाग के इंचार्ज हैं। साथ ही ठेकेदार का भुगतान भी रोक दिया गया था। इसके बाद ठेकेदार सनद मिश्र ने सीबीआई से संपर्क किया था। सीबीआई ने ट्रेस करने के बाद एक्सईएन आशीष अग्रवाल को ट्रैप किया। पूरी तैयारी के बाद गुरुवार को कई गाड़ियों से सीबीआई अफसर सिविल लाइंस स्थित प्रधान डाकघर पहुंचे। वहां ठेकेदार सनद मिश्र को रिश्वत की रकम लेकर आशीष अग्रवाल के पास भेजा गया। जैसे ही रिश्वत के डेढ़ लाख रुपए आशीष अग्रवाल ने हाथ में पकड़े, सीबीआई ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उन्हें सफेद कार में बैठाकर ले जाया गया।

> डाक विभाग में इन दिनों प्रयागराज के अलावा वाराणसी, गोरखपुर समेत कई जिलों में निर्माण का काम चल रहा है। प्रयागराज के प्रधान डाकघर में एक्सईएन आशीष अग्रवाल निर्माण का काम देख रहे हैं।

### सीबीआई ने कई घंटे पूछताछ की

सीबीआई अधिकारियों ने गिरफ्तारी के बाद एक्सईएन आशीष अग्रवाल से कई घंटों तक पूछताछ की। इस दौरान डाक विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारियों से भी जानकारी जुटाई गई। टीम ने मामले से जुड़े दस्तावेजों की जांच की और कुछ अधिकारियों के बयान दर्ज किए।

पूछताछ के दौरान कई अधिकारियों से कागजातों पर हस्ताक्षर भी कराए गए। साथ ही सभी जिलों के डाकघर के निर्माण संबंधित दस्तावेज, भुगतान की डिटेल, बैंक की डिटेल, एकाउंट की जानकारी ली है।

# थल सेना प्रमुख ने किए रामलला के दर्शन परिवार संग पहुंचे अयोध्या

## 35 मिनट तक की पूजा-अर्चना, परकोटा के मंदिरों का भी किया अवलोकन

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या। भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को अपने निजी दौरे पर अयोध्या पहुंचे और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन-पूजन किए। सेना प्रमुख करीब 35 मिनट तक रामलला के दरबार में रहे। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर देश की सुरक्षा, शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान उनकी पत्नी समेत परिवार के अन्य सदस्य भी उनके साथ मौजूद रहे।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र परिसर पहुंचने पर मंदिर प्रशासन और सुरक्षा अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। दर्शन के दौरान जनरल द्विवेदी ने रामलला के समक्ष माथा टेककर आशीर्वाद लिया और मंदिर परिसर का भी अवलोकन किया। उन्होंने मंदिर के निर्माण कार्यों और परिसर में विकसित की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी भी प्राप्त की।



मंदिर सूत्रों के अनुसार रामलला के दर्शन के बाद सेना प्रमुख काफी भावुक नजर आए। उन्होंने न केवल मुख्य मंदिर में दर्शन किए, बल्कि परकोटा क्षेत्र में स्थित विभिन्न देवी-देवताओं के मंदिरों में भी जाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने पूरे परिसर का भ्रमण कर निर्माण और विकास कार्यों को करीब से देखा। रामलला के दर्शन से पहले जनरल उपेंद्र द्विवेदी अयोध्या स्थित डोगरा रेजीमेंटल सेंटर भी पहुंचे। यहां सैन्य अधिकारियों और जवानों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और रेजीमेंट की गतिविधियों, प्रशिक्षण व्यवस्था तथा अन्य सैन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। मंदिर व्यवस्था से जुड़े विहिप के वरिष्ठ पदाधिकारी गोपाल नागरकट्टे ने उनका सत्कार किया। सेना प्रमुख का यह दौरा पूरी तरह निजी बताया गया है। हालांकि थल सेना प्रमुख का पद संभालने के बाद यह उनका पहला अयोध्या दौरा है, जिसके चलते इसका विशेष महत्व माना जा रहा है। उनके आगमन को देखते हुए श्रीराम जन्मभूमि परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी।

**नारेबाजी : बोले- पहले भाजपा को महंगाई डायन लगती थी, अब डार्लिंग लग रही**

# खच्चर पर बैठकर कांग्रेस का प्रदर्शन

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। बढ़ती महंगाई के विरोध में शुक्रवार को कानपुर दक्षिण में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखा प्रदर्शन किया। खच्चर पर बैठकर और हाथों में पोस्टर लेकर कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर सरकार पर निशाना साधा।

शहर के शास्त्री चौक पर आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। ढोलक-मंजीरे के साथ प्रदर्शनकारियों ने महंगाई के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी से जुड़े पोस्टर भी प्रदर्शित किए गए। विरोध के प्रतीक के रूप में एक कार्यकर्ता केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री का पोस्टर लेकर खच्चर पर बैठा नजर आया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम परिवारों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। कई घरों के लिए गैस सिलेंडर भरवाना तक मुश्किल हो गया है। उन्होंने सरकार से महंगाई पर तत्काल नियंत्रण करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश से पड़ोसी देशों को पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन भारतीय नागरिकों को महंगा ईंधन खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि महंगाई पर लगाम नहीं लगाई गई तो कांग्रेस आने वाले दिनों में और बड़ा आंदोलन करेगी। प्रदर्शन में महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, एआईसीसी सदस्य विकास अवस्थी, जेपी पाल समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### 'पहले महंगाई डायन थी, अब डार्लिंग बन गई'

एआईसीसी सदस्य विकास अवस्थी ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता परेशान है, लेकिन सरकार इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिस महंगाई को भाजपा पहले 'डायन' बताती थी, अब वही उसे 'डार्लिंग' लगने लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़ती कीमतों ने गरीब और मध्यम वर्ग का बजट बिगाड़ दिया है।




> विकास अवस्थी ने छात्रों के भविष्य का मुद्दा उठाते हुए कहा कि नीट जैसी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं युवाओं की मेहनत और भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों में निराशा बढ़ रही है और शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### वाराणसी में छात्रा से सरेराह छेड़छाड़

वाराणसी। वाराणसी में स्कूल से लौटती छात्राओं से सरेराह एक युवक ने अश्लीलता की। स्कूटी सवार युवक ने पहले पीछा किया फिर फब्तियां कसी। एक किशोरी को स्कूटी पर बैठाने का प्रयास किया और गंदी नीयत से पकड़ने की कोशिश की।

युवक की अश्लील हरकतें देखकर छात्राएं भागी और मदद के लिए गुहार लगाई। कालोनी में कुछ दूर एक घर का दरवाजा खटखटाया फिर अंदर जाकर खुद को बचाया। प्रधानाध्यापक की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पिसौर स्थित श्री राज राजेश्वरी वेद पाठशाला के प्रधानाध्यापक मोहन दूबे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। 31 मई 2026 को दोपहर लगभग 01:40 बजे विद्यालय का एक छात्र (17 वर्ष) अपनी 13 वर्षीय छोटी बहन के साथ घर लौट रहा था। रास्ते में पहले से ही अपनी काली स्कूटी के साथ घात लगाकर बैठे एक युवक ने बच्चों का पीछा करना शुरू कर दिया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ वृक्षारोपण

## वृक्ष धरा का भूषण, दूर करे प्रदूषण : जिलाधिकारी

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद मथुरा में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान (दुवासु) तथा कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

दुवासु परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति डॉ. अभिजित मित्र, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) वेंकट श्रीकर पटेल ने पौधरोपण किया। कुलपति ने बेल, जिलाधिकारी ने आम तथा डीएफओ ने शहतूत का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान कुलपति डॉ. अभिजित मित्र ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। साथ ही विश्वविद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि वेटनरी यूनिवर्सिटी परिसर में 384 फलदार पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद में 6 लाख 17 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए विभिन्न विभागों को लक्ष्य आवंटित किए गए हैं।



## 'एक पेड़ मां के नाम' से हुई शुरुआत, मंत्री ने किया वृक्षारोपण और दिया संदेश

# श्रवण धाम से जन-कल्याण अभियान की शुरुआत

**कार्यक्रम**

**बृजेंद्र वीर सिंह**

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में 05 से 21 जून 2026 तक चलने वाले व्यापक जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत श्रवण धाम से की गई। पौराणिक स्थल पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

प्रदेश सरकार के पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी पौधे लगाए। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडे, विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, जिलाधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला और प्रभागीय वनाधिकारी मौजूद रहे। वन विभाग ने जानकारी दी कि जिले में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पर्याप्त पौधे उपलब्ध हैं और सभी विभागों को आपूर्ति सुनिश्चित कर दी गई है।



**श्रवण धाम कार्यक्रम के बाद मंत्री ने लोरपुर ताजन पौधशाला का निरीक्षण किया। यहां वृक्षारोपण महाभियान के लिए पौधों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई।**




### 'वृक्ष ही भविष्य की सुरक्षा': श्रवण धाम से पर्यावरण संदेश

जनसभा में मंत्री ने कहा कि वृक्षारोपण केवल औपचारिकता नहीं बल्कि भविष्य की सुरक्षा का आधार है। उन्होंने लोगों से अपील की कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करे। उन्होंने समाज में शिक्षा, विशेषकर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। जनप्रतिनिधियों ने भी पर्यावरण संरक्षण और पौधों की देखभाल को जन आंदोलन बनाने की बात कही।

### 21 जून को योग दिवस के साथ अभियान का समापन

अभियान का समापन 21 जून को अंतर-राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रमों के साथ होगा। इसमें युवाओं, महिलाओं, स्वयंसेवी संगठनों और आम नागरिकों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि कार्यक्रमों को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से लागू किया जाए। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

# अम्बेडकरनगर को मिली नई जिला विकास अधिकारी

## सविता सिंह ने संभाला कार्यभार

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। जिले की नई जिला विकास अधिकारी (DDO) के रूप में सविता सिंह ने बृहस्पतिवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले वह रायबरेली में डीसी स्वतः रोजगार के पद पर तैनात थीं। कार्यभार ग्रहण के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और विकास कार्यों की प्राथमिकताओं को लेकर प्रारंभिक चर्चा की।

कार्यालय पहुंचने पर प्रशासनिक अमले ने उनका स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण के साथ ही जिले में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर नई ऊर्जा का संचार माना जा रहा है।

नई जिला विकास अधिकारी सविता सिंह ने कहा कि सरकार की प्राथमिक योजनाओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लागू करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण विकास से जुड़ी सभी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए समन्वय के साथ काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा, ग्राम्य विकास, स्वयं सहायता समूहों और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की नियमित निगरानी की जाएगी, ताकि लाभार्थियों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंच सके। कार्यभार ग्रहण के बाद उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विकास कार्यों में गति और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित की जाए। साथ ही योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से तैयार करने पर जोर दिया।



उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय से ही विकास कार्यों को प्रभावी बनाया जा सकता है। ब्लॉक स्तर पर चल रही योजनाओं की समीक्षा को भी प्राथमिकता देने की बात कही गई। सविता सिंह के प्रशासनिक अनुभव को देखते हुए जिले में विकास कार्यों के बेहतर संचालन की उम्मीद जताई जा रही है। रायबरेली में डीसी स्वतः रोजगार के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान कई योजनाओं के सफल संचालन की चर्चा रही है।

**फास्ट न्यूज**

### ऑपरेशन मुस्कान की सफलता

अम्बेडकरनगर। जलालपुर थाना क्षेत्र के छाछू मोहल्ला में गुरुवार को एक मानसिक रूप से अस्वस्थ नाबालिग बालक भटकता हुआ मिला। बालक की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए थाना जलालपुर पुलिस ने उसे संरक्षण में लेकर आवश्यक देखभाल और सुविधाएं उपलब्ध कराईं। पुलिस के अनुसार, बालक को थाना लाकर भोजन सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की गईं। इसके बाद ऑपरेशन मुस्कान के तहत बालक के परिजनों का पता लगाने की कार्रवाई शुरू की गई।

### सदरपुर से देशभर में गूंजी सफलता की गूंज

अम्बेडकरनगर। जेईई एडवांस 2026 के परिणाम में जिले की बेटी आस्था पटेल ने शानदार सफलता हासिल कर अम्बेडकरनगर को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। सदरपुर गांव निवासी आस्था ने 286वीं ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर देशभर के प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों के बीच अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई है। परिणाम घोषित होने के बाद जिले में खुशी का माहौल है। परिवार, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने आस्था की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई। ग्रामीण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय स्तर की कठिन परीक्षा में शीर्ष रैंक हासिल करना जिले के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### गाजियाबाद के होटल में मिली लड़की की लाश

गाजियाबाद। गाजियाबाद के एक होटल में 23 साल की लड़की लाश मिली है। होटल कर्मचारियों की सूचना पर डायल 112 और विजयनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने होटल के कमरे का दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक, लड़की ने अपने दोस्त के साथ किराये पर कमरा लिया। आपसी विवाद के बाद युवक वहां से चला गया।

## अकबरपुर में सार्वजनिक सड़क पर अतिक्रमण का विवाद शिकायत के बाद जांच की मांग तेज

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। नगर पालिका परिषद अकबरपुर क्षेत्र के वार्ड नंबर 17 मिर्जापुर में सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। अधिशाषी अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में सड़क से अतिक्रमण हटवाने की मांग की गई है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार पहितीपुर मार्ग पर बद्री प्रसाद गुप्ता और कौशलेंद्र के मकान के बीच नगर पालिका द्वारा पूर्व में निर्मित खड़ंजा मार्ग पर आरसीसी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान सड़क के लगभग आठ फीट हिस्से पर अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाया गया है।

शिकायत में कहा गया है कि कौशलेंद्र द्विवेदी द्वारा सड़क की दिशा में दीवार खड़ी कर दी गई है, जिससे सार्वजनिक मार्ग संकरा हो गया है। इसके अलावा एक गेट भी सड़क की ओर खोला गया है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस अतिक्रमण के कारण मार्ग पहले की तुलना में काफी संकरा हो गया है। इससे क्षेत्र में वाहन आवागमन और पैदल चलने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



ग्रामीणों और स्थानीय निवासियों ने मामले की स्थलीय जांच कर अतिक्रमण हटाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यह मार्ग पहले से ही सीमित चौड़ाई का था, जिस पर अतिक्रमण के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है।

# वृद्धावस्था पेंशन के लिए आयु प्रमाण के नियमों में बदलाव

## नगरीय क्षेत्र के आवेदकों को मिली राहत, स्व-घोषणा पत्र देना होगा अनिवार्य

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत नगरीय क्षेत्र के आवेदकों के लिए आयु प्रमाण से जुड़े नियमों में बदलाव किया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कौशल ने बताया कि शासन के नए निर्देशों के अनुसार अब आयु निर्धारण के लिए आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि के अलावा अन्य दस्तावेज भी मान्य होंगे। नए प्रावधान के तहत हाईस्कूल स्तर के शैक्षिक अभिलेख अथवा परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर नकल के अतिरिक्त राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट और पैन कार्ड को भी आयु प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा। यह व्यवस्था केवल नगरीय क्षेत्र के आवेदकों के लिए लागू होगी।



वृद्धावस्था पेंशन योजना के लिए आय सीमा पूर्व की तरह ही लागू रहेगी। शहरी क्षेत्र के आवेदकों के लिए वार्षिक आय 56,460 रुपये तथा ग्रामीण क्षेत्र के आवेदकों के लिए 46,080 रुपये निर्धारित है। यदि कोई लाभार्थी बीपीएल सूची में शामिल है तो आय प्रमाण पत्र के स्थान पर बीपीएल सूची की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करनी होगी। विभाग ने पात्र आवेदकों से निर्धारित नियमों के अनुसार आवेदन करने की अपील की है।

**विभाग के अनुसार, नवीन आवेदन करने वाले आवेदकों को निर्धारित प्रारूप पर स्व-घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा। इसमें यह उल्लेख करना होगा कि उनके पास हाईस्कूल स्तर का शैक्षिक प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है और संबंधित क्षेत्र में परिवार या कुटुम्ब रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं है।**

## सरैया हरदो गांव में सुतली बम फेंकने का आरोप

### चूल्हे पर खाना बना रही महिला के पास विस्फोट

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। आलापुर कोतवाली क्षेत्र के सरैया हरदो गांव में गुरुवार रात सुतली बम फेंके जाने की घटना से अफरा-तफरी मच गई। आरोप है कि घर के बाहर चूल्हे पर खाना बना रही महिला के पास अचानक बम फेंका गया, जिससे जोरदार धमाका हुआ और पूरा इलाका दहल उठा।

पीड़िता अतवारी देवी का आरोप है कि वह रात करीब 9 बजे अपने घर के बाहर खाना बना रही थीं, तभी गांव के ही एक व्यक्ति ने उनके पास सुतली बम फेंक दिया। धमाका इतना तेज था कि आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और कुछ देर के लिए गांव में दहशत फैल गई।

पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद कुछ लोगों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि विरोध करने पर पूरे परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई। इस मामले में अजय, विजय और काजल का नाम भी सामने आ रहा है। घटना के बाद पीड़ित परिवार भय के माहौल में है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बम थोड़ा और नजदीक गिरता तो बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने इस घटना को गंभीर बताते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। लोगों ने पुलिस से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।




थानाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मामले में मारपीट और धमकी की शिकायत मिली है।

### अब कागजों पर नहीं चलेगा इलाज, डॉक्टर की मौजूदगी अनिवार्य-स्वास्थ्य विभाग ने कसा शिकंजा

# निजी अस्पतालों पर सख्ती: 'डॉक्टर बिन बैठे सेंटर' सिस्टम पर ब्रेक

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। जिले में निजी स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने बड़ा बदलाव लागू किया है। अब केवल लाइसेंस लेकर अस्पताल या अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाना आसान नहीं होगा। लाइसेंसधारक डॉक्टर की जिले में वास्तविक मौजूदगी अनिवार्य कर दी गई है।

नई व्यवस्था के तहत डॉक्टर को यह भी स्पष्ट करना होगा कि वह किस केंद्र पर किस समय मौजूद रहेगा। बिना उपस्थिति और बिना निर्धारित ड्यूटी शेड्यूल के किसी भी संस्थान का संचालन नियमों के तहत मान्य नहीं होगा।

नए नियमों के अनुसार किसी भी चिकित्सक का एक जिले में अधिकतम दो स्थानों पर ही पंजीयन मान्य होगा। इससे अधिक पंजीयन पाए जाने पर उसे अवैध माना जाएगा। इसके साथ ही डॉक्टरों को यह स्पष्ट रिकॉर्ड देना होगा कि वे किस समय किस केंद्र पर सेवाएं दे रहे हैं। विभागीय स्तर पर इसे ट्रैक करने की भी तैयारी है, ताकि व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे। उदाहरण के तौर पर कुछ संस्थानों में बाहरी राज्यों के चिकित्सकों के नाम दर्ज पाए गए हैं। विभाग अब यह सत्यापित कर रहा है कि वास्तव में सेवाएं कौन दे रहा है और रिकॉर्ड कितना वास्तविक है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद ने कहा कि सभी निजी अस्पतालों और जांच केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कराया जाएगा। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई तय है। उन्होंने कहा कि मरीजों की सुरक्षा और गुणवत्ता सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता है। अब केवल कागजों पर व्यवस्था चलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।




**जिले में कुछ अल्ट्रासाउंड सेंटर और अस्पताल ऐसे भी पाए गए हैं जिनके लाइसेंस दूसरे जिलों और राज्यों के डॉक्टरों के नाम पर हैं। इन मामलों की भी विस्तृत जांच की जा रही है।**

### 96 अस्पताल और 40 अल्ट्रासाउंड सेंटर विभाग की निगरानी में

जिले में इस समय 96 निजी अस्पताल और 40 अल्ट्रासाउंड सेंटर पंजीकृत हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कई मामलों में नियमों को दरकिनार कर संचालन की शिकायतें मिली हैं। कुछ संस्थान लाइसेंस नवीनीकरण के बिना भी काम करते पाए गए।

अब सभी संस्थानों की फाइलों की दोबारा जांच शुरू की जा रही है। विभाग का फोकस यह सुनिश्चित करना है कि हर सेंटर पर मानक के अनुसार चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध हों।

# गर्मी में बिजली का संकट: मकोइया फीडर से जुड़े गांवों में बढ़ी परेशानी

## घंटों की अघोषित कटौती और बार-बार ट्रिपिंग से जनजीवन प्रभावित

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। बसखारी क्षेत्र के मकोइया फीडर से होने वाली बिजली आपूर्ति को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कटोखर, मूसेपुर, मकरही, चहोड़ा समेत आसपास के कई गांवों में लगातार बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में कई बार बिना पूर्व सूचना के घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। दिन में कटौती के साथ रात में भी बार-बार ट्रिपिंग की समस्या सामने आ रही है। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली न रहने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय लगातार बिजली बाधित होने से नींद पूरी नहीं हो पा रही है। घरों में पंखे और कूलर बंद रहने से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।



लो-वोल्टेज के कारण कई घरों में विद्युत उपकरण ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं की चिंता और बढ़ गई है।

मकरही, चहोड़ा और आसपास के गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित होने का असर जलापूर्ति पर भी दिखाई दे रहा है। मोटर और सबमर्सिबल पंप पर्याप्त समय तक नहीं चल पाने से लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पशुपालकों के सामने भी अतिरिक्त चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।

ग्रामीणों और किसानों ने बिजली विभाग से नियमित एवं रोस्टर के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अघोषित कटौती और तकनीकी खामियों को दूर कर व्यवस्था में सुधार किया जाए। समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से विरोध दर्ज कराने की चेतावनी दी है।

# फर्जी कस्टमर केयर नंबर से साइबर ठगी

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई से 74 हजार रुपये वापस

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। साइबर ठगी के एक मामले में साइबर क्राइम पुलिस थाना की त्वरित कार्रवाई से पीड़ित को राहत मिली है। पुलिस ने ठगी गई 74,261 रुपये की धनराशि को फ्रीज कराकर बाद में पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराया।

पुलिस के अनुसार, 9 फरवरी 2026 को शिकायत संख्या 33102260030351 के तहत दाउदपुर निवासी प्रवेश पटेल ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उन्होंने गूगल पर एक कंपनी का कस्टमर केयर नंबर खोजा था। सर्च में मिले नंबर पर संपर्क करने के बाद ठगों ने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताकर झांसे में लिया और खाते से धनराशि निकलवा ली।




मामले की जानकारी मिलते ही साइबर क्राइम पुलिस थाना ने तत्काल कार्रवाई की। जांच के दौरान ठगी की गई 74,261 रुपये की रकम को संबंधित लाभार्थी खाते में फ्रीज कराया गया। बाद में न्यायालय के आदेश पर पूरी धनराशि पीड़ित के बैंक खाते में वापस कर दी गई।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि किसी भी कंपनी का कस्टमर केयर नंबर केवल उसकी आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें। गूगल सर्च में दिखाई देने वाले अज्ञात मोबाइल नंबरों पर संपर्क करने से साइबर ठगी का खतरा बढ़ सकता है।

### संकल्प : जलालपुर से मेडिकल कॉलेज और एनटीपीसी तक हरियाली का संदेश

# विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण की झड़ी

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलेभर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण और जन-जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला देखने को मिली। जलालपुर, अकबरपुर, टांडा और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी संस्थानों से लेकर सामाजिक संगठनों तक ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जलालपुर के पांडे कॉलोनी में नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि के निर्देशन में पदाधिकारियों ने वृक्षारोपण किया। इसी दौरान माँ की महिमा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष विकास निषाद ने पौधे लगाते हुए कहा कि प्रकृति का संरक्षण आज समय की आवश्यकता है और हर व्यक्ति को एक पौधा जरूर लगाना चाहिए।



**प्रभात फेरी के जरिए स्वच्छता और हरित जीवनशैली का संदेश दिया गया। इसके बाद पौधरोपण कर सतत विकास का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में सूर्य नारायण पाणिग्राही सहित वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।**

कार्यक्रम में दुर्गेश गुप्ता और अवतन्स मिश्रा मौजूद रहे। एनटीपीसी टांडा में पर्यावरण दिवस पर शपथ ग्रहण, प्रभात फेरी और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा ने अधिकारियों, कर्मचारियों और बालिका सशक्तिकरण अभियान (GEM) की बालिकाओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। पटेल नगर स्थित गैली रेस्टोरेंट परिसर में परम फाउंडेशन और मिशन ग्रीन अर्थ के संयुक्त प्रयास से 2500 पौधों का निशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में धीरेंद्र पांडे और आलोक वर्मा ने कहा कि वृक्षारोपण के साथ पौधों की सुरक्षा भी जरूरी है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और भूजल संकट को गंभीर चुनौती बताया। साथ ही 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को जनआंदोलन बनाने की बात कही।

### मेडिकल कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

महमाया राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव ने परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर भवन प्रभारी डॉ. वीरेंद्र यादव भी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण बचेगा तो जीवन और जैव विविधता सुरक्षित रहेगी।

कार्यक्रम में डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. विवेक श्रीवास्तव, डॉ. अनिल यादव, डॉ. सुनील यादव, डॉ. रविंद्र वर्मा और संदीप शुक्ला सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## जन्मदिन पर समाजसेवी बरकत अली ने किया रक्तदान

### जिला अस्पताल ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। समाजसेवी बरकत अली ने अपना जन्मदिन सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया। शुक्रवार को उन्होंने जिला अस्पताल अकबरपुर के ब्लड बैंक पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस दौरान उनके मित्र और शुभचिंतक भी मौजूद रहे।

रक्तदान के बाद ब्लड बैंक परिसर में जन्मदिन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां बरकत अली ने साथियों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया और शुभकामनाएं देने पहुंचे सभी लोगों के प्रति आभार जताया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। बरकत अली और उनके साथियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान और वृक्षारोपण जैसे कार्यों को प्राथमिकता देकर बरकत अली ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी अनिल मणि त्रिपाठी, मेडिकल ऑफिसर रवि विक्रम, ब्लड बैंक कर्मचारी वीरेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेंद्र पांडे उर्फ ज्ञानी, परम फाउंडेशन के अध्यक्ष धीरेंद्र तिवारी, युवा नेता तालिब खान, मोहम्मद सईम, सुनील यादव, फागु, समाजसेवी नितेश यादव, रजनीश कुमार, आलोक कुमार, बृजेश राजभर और जितेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।



# सम्पादकीय

## मूल से उखड़ती तृणमूल



तृणमूल कांग्रेस के विधायकों में टूट के बाद उसके संसद सदस्यों में भी टूट की आशंका उभर आने पर आश्चर्य नहीं, क्योंकि जैसे पार्टी के अधिकांश विधायक ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी के कार्य-व्यवहार से खफा थे, वैसे ही कई सांसद भी हैं। कुछ की तो नाराजगी भी सामने आ चुकी है। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि बागी विधायकों की ओर से विधानसभा में अपना नया नेता चुन लिए जाने पर तृणमूल कांग्रेस के अधिकतर सांसदों ने चुप्पी सी साध रखी है। तथ्य यह भी है कि बीते दिनों जब ममता भतीजे अभिषेक पर कथित गंभीर हमले के खिलाफ धरने पर बैठीं तो ज्यादातर विधायक और सांसद नदारद थे।

यदि ममता बनर्जी ने भतीजे अभिषेक को जरूरत से ज्यादा अहमियत नहीं दी होती तो शायद पार्टी उनके हाथ से जाने की नौबत नहीं आती। उन्हें परिवारवाद को प्रश्रय देने के साथ ही अपने नेताओं के बेलगाम भ्रष्टाचार की भी कीमत चुकानी पड़ रही है। तृणमूल कांग्रेस में टूट शिव सेना और एनसीपी में टूट की याद दिलाने वाली है। इन दोनों दलों में टूट का एक कारण यह भी रहा कि जहां एनसीपी प्रमुख शरद पवार बेटी को बढ़ावा दे रहे थे, वहीं शिव सेना सुप्रीमो उद्धव ठाकरे बेटे को। वैसे जहां शिवसेना और एनसीपी में टूट इसलिए हुई, क्योंकि बागी गुट सत्ता का साथ चाहता था, वहीं तृणमूल कांग्रेस में असंतुष्ट नेताओं के अलगाव का कारण सत्ता सुख पाना नहीं है। इस दृष्टि से तृणमूल कांग्रेस की टूट कुछ अलग भी है। साफ है कि असंतुष्ट नेताओं को पार्टी चलाने का ममता का तरीका और खासकर भतीजे को आगे बढ़ाना रास नहीं आया।

पुराने और अनुभवी नेताओं को कभी यह स्वीकार नहीं होता कि पार्टी प्रमुख अपने बेटे-बेटियों अथवा भाई-भतीजों को उन पर थोप दे। परिवारवादी दल कई बार अपने परिवार के ऐसे सदस्य को पार्टी पर थोप देते हैं, जो बिल्कुल अनुभवहीन होते हैं। उन राजनीतिक दलों में भी टूटन अधिक होती है, जिनकी कोई विचारधारा नहीं होती। तृणमूल कांग्रेस की विचारधारा जानना उसी तरह कठिन है, जैसे पिछले दिनों टूट का शिकार हुई आम आदमी पार्टी की। लोक लुभावन नीतियों, जाति या समुदाय विशेष के तुष्टीकरण के सहारे किसी राजनीतिक दल को अधिक दिनों तक नहीं चलाया जा सकता। ऐसे दलों में सत्ता के लोभ में दूसरे दलों के नेता आ तो जाते हैं, लेकिन जैसे ही सत्ता जाती है, वे अपना अलग ठिकाना खोजने लगते हैं। तृणमूल कांग्रेस ने भले ही अपना एक कैडर बना लिया हो, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं कि पार्टी के अधिकांश नेता दूसरे दलों से अपने स्वार्थों की पूर्ति करने के इरादे से आए थे। इनमें से अधिकतर वाम दलों से आए थे और शायद यही कारण रहा कि ममता ने वही तौर-तरीके अपना लिए, जो वामपंथियों ने अपना रखे थे।

# तृणमूल कांग्रेस में टूट और ममता की बढ़ती चिन्ताएं

> भारतीय राजनीति में हाल के वर्षों में आम आदमी पार्टी और उसके नेता अरविंद केजरीवाल का उदाहरण भी इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। वर्ष 2013 से लेकर 2024 तक दिल्ली की राजनीति में आम आदमी पार्टी ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की।



पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), जिसने पिछले डेढ़ दशक से बंगाल की राजनीति पर लगभग एकाधिकार स्थापित कर रखा था, आज आंतरिक असंतोष, नेतृत्व संबंधी प्रश्नों और जनविश्वास के संकट से जूझती दिखाई दे रही है। पार्टी के भीतर असंतुष्ट नेताओं और विधायकों की गतिविधियों ने यह संकेत दिया है कि संगठनात्मक एकता में दरारें उभर रही हैं। यह स्थिति केवल किसी एक राजनीतिक दल का संकट नहीं है, बल्कि लोकतंत्र में राजनीतिक मूल्यों, जनभा-वनाओं और नेतृत्व की भूमिका पर पुनर्विचार का अवसर भी है। राजनीति में इतिहास बार-बार यह प्रमाणित करता रहा है कि जब भी सत्ता के साथ अहंकार जुड़ता है, जनता अंततः उसका उत्तर देती है। लोकतंत्र में जनता ही अंतिम निर्णायक होती है। चाहे वह इंदिरा गांधी का आपातकाल हो, पश्चिम बंगाल में वामपंथी शासन या दिल्ली में आम आदमी पार्टी का अंत या फिर उत्तर प्रदेश एवं बिहार की अनेक राजनीतिक घटनाएँ-हर जगह जनता ने यह संदेश दिया है कि सत्ता जनता की सेवा के लिए है, शासन के अहंकार के लिए नहीं।

ममता बनर्जी को कभी संघर्षशील, जुझारू और जननेता के रूप में देखा जाता था। उन्होंने वामपंथी शासन के लंबे दौर को समाप्त कर बंगाल में परिवर्तन का नया अध्याय लिखा। किंतु समय के साथ उनकी राजनीति पर अहंकारवाद, व्यक्तिवाद और तुष्टिकरण के आरोप बढ़ते गए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी के भीतर निर्णय प्रक्रिया का अत्यधिक केंद्रीकरण और कुछ व्यक्तियों का बढ़ता प्रभाव अनेक वरिष्ठ नेताओं को असहज करता रहा है। यही कारण है कि समय-समय पर असंतोष के स्वर उभरते रहे हैं। राजनीतिक टिप्पणीकारों द्वारा प्रकाशित विश्लेषणों में भी यह प्रश्न उठाया गया है कि यदि किसी दल में संगठन से अधिक व्यक्ति महत्वपूर्ण हो जाए, तो वहां असंतोष स्वाभाविक रूप से जन्म लेता है। हाल के घटनाक्रमों ने इस आशंका को और बल दिया है। जिस प्रकार पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेता और विधायक नेतृत्व की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं, उससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या केवल व्यक्तियों की नहीं, बल्कि संगठनात्मक संस्कृति की भी है। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से निकले केजरीवाल को जनता ने ईमानदार, पारदर्शी और वैकल्पिक राजनीति के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया। लेकिन समय के साथ सत्ता का केंद्रीकरण, विरोधियों के प्रति असहिष्णुता, राजनीतिक अहंकार और स्वयं को अजेय मान लेने की प्रवृत्ति उनके नेतृत्व पर हावी होती दिखाई दी। जनता ने देखा कि जो दल कभी राजनीतिक शुचिता और नैतिकता की बात करता था, वह भी सत्ता के उसी मोह और व्यक्तिकेंद्रित राजनीति का शिकार होता जा रहा है, जिसके विरुद्ध उसने संघर्ष प्रारम्भ किया था। परिणामस्वरूप दिल्ली की राजनीति में उसका प्रभाव कमजोर हुआ और जनता ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि लोकतंत्र में कोई भी नेता अथवा दल जनता से बड़ा नहीं होता। यह घटना इस सत्य को पुनः स्थापित करती है कि जनता लंबे समय तक अहंकार, अतिशयोक्ति और आत्ममुग्धता को स्वीकार नहीं करती।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के समक्ष खड़ी चुनौतियों को भी इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है। जब किसी दल का नेतृत्व स्वयं को संगठन और जनता से ऊपर मानने लगता है, तब असंतोष जन्म लेता है, कार्यकर्ता दूर होने लगते हैं और अंततः राजनीतिक आधार कमजोर पड़ने लगता है। इतिहास बताता है कि लोकतंत्र में विनम्रता, संवाद, जनभावनाओं का सम्मान और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता ही स्थायी राजनीतिक सफलता की कुंजी हैं। किसी भी लोकतांत्रिक दल की शक्ति उसके विचार, संगठन और कार्यकर्ताओं में होती है, न कि केवल एक नेता में। जब दल विचारधारा की बजाय व्यक्तिपूजा पर आधारित होने लगते हैं, तब उनका संकट निश्चित हो जाता है। भारतीय राजनीति में अनेक उदाहरण हैं जहाँ परिवारवाद ने दलों की जड़ों को कमजोर किया। महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विभाजन के पीछे भी नेतृत्व और उत्तराधिकार से जुड़े प्रश्न महत्वपूर्ण रहे। बंगाल में भी इसी प्रकार की चर्चाएँ समय-समय पर सामने आती रही हैं। तृणमूल कांग्रेस के सामने दूसरा बड़ा संकट उसकी सार्वजनिक छवि का है। शिक्षक भर्ती, नगर निकायों तथा अन्य प्रशासनिक मामलों से जुड़े विवादों ने जनता के मन में अनेक प्रश्न खड़े किए हैं। किसी भी सरकार की सबसे बड़ी पूंजी जनता का विश्वास होता है। यदि जनता को यह महसूस होने लगे कि शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही कम हो रही है, तो राजनीतिक नुकसान होना स्वाभाविक है।

इसके साथ ही पश्चिम बंगाल में लंबे समय से चल रही पहचान, नागरिकता, सीमा सुरक्षा और अवैध घुसपैठ से जुड़ी बहसों ने भी राजनीतिक वातावरण को प्रभावित किया है। भारतीय जनता पार्टी ने इन मुद्दों को राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक अस्मिता के प्रश्न के रूप में प्रस्तुत किया। भाजपा का तर्क रहा है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए और किसी भी प्रकार की तुष्टिकरण की राजनीति अंततः समाज को विभाजित करती है। यही कारण है कि बंगाल में भाजपा ने अपनी राजनीतिक रणनीति को राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक पहचान और सुशासन के मुद्दों पर केंद्रित किया। भाजपा की बंगाल यात्रा भी अपने आप में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक अध्ययन का विषय है। कभी केवल दो सीटों तक सीमित रहने वाली पार्टी आज राज्य की सत्ता िशक्ति बन चुकी है। यह परिवर्तन अचानक नहीं हुआ। इसके पीछे वर्षों का संगठनात्मक विस्तार, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं का निर्माण, राष्ट्रीय नेतृत्व की सक्रियता तथा स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय विमर्श से जोड़ने की रणनीति रही है। भाजपा ने बंगाल में यह संदेश देने का प्रयास किया कि वह केवल एक राजनीतिक विकल्प नहीं, बल्कि वैचारिक विकल्प भी है। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि केवल राष्ट्रवाद या धार्मिक पहचान के आधार पर किसी दल की स्थायी सफलता सुनिश्चित नहीं होती। लोकतंत्र में जनता विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा भी चाहती है। इसलिए किसी भी राजनीतिक दल के लिए आवश्यक है कि वह राष्ट्रीय भावना के साथ-साथ जनकल्याणकारी नीतियों को भी प्राथमिकता दे। राष्ट्र और राजनीति का संबंध अत्यंत गहरा है। कोई भी राजनीतिक दल तभी दीर्घकालिक सफलता प्राप्त कर सकता है जब वह राष्ट्रहित, संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनभावनाओं के प्रति प्रतिबद्ध रहे।

**– ललित गर्ग**

# अंतराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस

पर्यावरण को संक्षिप्त में परिभाषित किया जा सकता है कि हमारे चारों तरफ का प्राकृतिक वातावरण जल, थल, नभ, वायुमंडल का आवरण आदि - आदि। यह सुविज्ञात है कि सभ्यता के विकास से ही विपरीत रूप में पर्यावरण प्रभावित हुआ है । वन संपदा सर्वाधिक मात्रा में प्रभावित हुई है । न जाने कितने अरसे से केवल यदा यदा नहीं हैं । वह जिससे सीधी बरसात व परिण्म स्वरूप नदियों का जल प्रवाह प्रभावित हुई है। यथा अति वृष्टि, अल्प वृष्टि तथा अति गर्मी अति शीत लहर आदि के रूप में हुई है । वह खनिज संपदा, वन संपदा व वन्य पशु संपदा भी जलवायु पर भी प्रत्यक्ष रूप में प्रभावित हुई है । ये सब एक दूसरे से अन्तर संबंधित हैं। इन सब पर सर्वांगीण रूप से चिन्तन जरूरी हैं । पेड़ पौधों आदि के साथ पर्यावरण की सुरक्षा से ही सुक्ष्म जीवों की रक्षा हो सकती हैं । पर्यावरण का हमारे आचरण पर बहुत प्रभाव पड़ता है । उदाहरण- अगर दर्पण पर लिखा है सीधे खड़े हों सत्य वदम् तो बार-बार देखते-देखते दर्पण हम स्वतः ही अपने मन को उस कथन के प्रति समर्पण कर देंगे । हमारा पर्यावरण भी चुपचाप हमारी आदतों का निर्माण करता रहता है। अतः हम अपनी डेस्क, दीवारों आदि को इस तरह सजाते रहें कि वो हर दिन हमें श्रेष्ठता से भरते रहें। तथाकथित आधुनिकता की अंधी दौड़ में हमने पर्यावरण को भी अंधाधुंध दूषित करने में अपने को झोंक सा दिया है। उसके दूरगामी परिणाम अब साक्षात दिखने लग गए हैं। ऐसा भी स्पष्ट हो रहा है कि वह दिन दूर नहीं जब इस धरती का आखिरी पेड़ कट जाएगा और संसार की एक-एक नदी का पानी ज़हरीला हो जाएगा। तब हम समझ पाएंगे कि हम आधुनिकता के आधार पर जी नहीं सकते। दूषित पर्यावरण का जहर और पी नहीं सकते। तब यदि कोई पूछेगा कि जमाने में यहां तक आकर आगे कहां तक जाना है तो सम्भवतः हमारा जवाब में यही होगा पुनः उसी पुरानी सभ्यता में जाना है जहां सदा हेसते रहने का ही जमाना है ।

**› प्रदीप छाजेड़**


## भारत विश्व के ...

डॉ. शैलेश शुक्ला

# पर्यावरण और घरेलू अर्थव्यवस्था, दोनों के लिए साइकिल को बढ़ावा देने की आवश्यकता

आज का युग तीव्र गति, आधुनिक तकनीक और सुविधाओं का युग है। मोटरसाइकिल, कार और अन्य मोटर चालित वाहन हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। कुछ किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए भी लोग वाहनों का उपयोग करने लगे हैं। सुविधाओं के इस विस्तार ने जीवन को आसान अवश्य बनाया है, लेकिन इसके साथ अनेक नई समस्याएं भी पैदा हुई हैं। बढ़ता वायु प्रदूषण, ईंधन की बढ़ती खपत, विदेशी मुद्रा पर बढ़ता बोझ, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में वृद्धि और घरेलू बजट पर बढ़ता दबाव आज हमारे सामने गंभीर चुनौतियों के रूप में मौजूद हैं। इन समस्याओं का एक सरल, सस्ता, व्यावहारिक और प्रभावी समाधान साइकिल के व्यापक उपयोग में छिपा हुआ है।

साइकिल केवल एक साधारण परिवहन साधन नहीं है बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक बचत, स्वास्थ्य संवर्धन और राष्ट्रीय विकास का एक शक्तिशाली माध्यम है। दुर्भाग्यवश आधुनिकता की चमक में साइकिल का महत्व धीरे-धीरे कम होता गया। जो साइकिल कभी आम नागरिकों की पहचान हुआ करती थी, वह आज कई लोगों के लिए केवल एक खेल या शौक की वस्तु बनकर रह गई है। जबकि वास्तविकता यह है कि यदि साइकिल को पुनः दैनिक जीवन का



हिस्सा बनाया जाए तो इससे व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र सभी को बहुआयामी लाभ प्राप्त हो सकते हैं।

भारत विश्व के सबसे बड़े पेट्रोलियम आयातक देशों में से एक है। देश अपनी आवश्यकता का एक बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है। इसके लिए हर वर्ष लाखों करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो उसका सीधा प्रभाव भारत की अर्थव्यवस्था और आम नागरिकों की जेब पर पड़ता है। पेट्रोल और डीजल महंगे होते हैं, परिवहन लागत बढ़ती है और महंगाई पर दबाव बढ़ जाता है। यदि देश में छोटी दूरी की यात्राओं के लिए अधिक से अधिक लोग साइकिल का उपयोग करना शुरू कर दें तो पेट्रोल और डीजल की खपत में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। भारत के शहरों में बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन पाँच से दस किलोमीटर की दूरी तय करते हैं। यह दूरी साइकिल से आसानी से तय की जा सकती है। यदि लाखों लोग प्रतिदिन मोटरसाइकिल या कार के स्थान पर साइकिल का उपयोग करें तो प्रतिदिन लाखों लीटर ईंधन की बचत संभव है। इसका सीधा लाभ देश की विदेशी मुद्रा बचत के रूप में सामने आएगा। जो धन विदेशों से तेल खरीदने में खर्च होता है, उसका उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों में किया जा सकता है। साइकिल का दूसरा बड़ा लाभ घरेलू अर्थव्यवस्था से जुड़ा हुआ है। आज एक मध्यमवर्गीय परिवार के मासिक बजट का बड़ा हिस्सा पेट्रोल और वाहन रखरखाव पर खर्च होता है। पेट्रोल, सर्विसिंग, इंश्योरेंस, मरम्मत और अन्य खर्च मिलाकर यह राशि हजारों रुपये तक पहुंच जाती है। इसके विपरीत साइकिल का रखरखाव अत्यंत सस्ता है। इसमें न पेट्रोल की आवश्यकता होती है, न इंजन ऑयल की और न ही महंगे रखरखाव की। यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन के छोटे-छोटे कार्यों के लिए साइकिल का उपयोग करता है तो वह वर्षभर में हजारों रुपये की बचत कर सकता है। यह बचत परिवार की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य की आवश्यकताओं पर खर्च की जा सकती है।

साइकिल का सबसे बड़ा लाभ स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिखाई देता है। आज जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, हृदय रोग और तनाव जैसी समस्याएं आम होती जा रही हैं। इन बीमारियों के उपचार पर परिवारों को बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है। नियमित साइकिल चलाना एक उत्कृष्ट व्यायाम है। इससे शरीर के लगभग सभी अंग सक्रिय रहते हैं। हृदय मजबूत होता है, रक्त संचार बेहतर होता है, वजन नियंत्रित रहता है और मानसिक तनाव कम होता है।

यदि समाज का बड़ा वर्ग नियमित रूप से साइकिल चलाने लगे तो स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में उल्लेखनीय कमी आ सकती है। जब लोग स्वस्थ रहेंगे तो अस्पतालों, दवाइयों और चिकित्सा सेवाओं पर होने वाला खर्च भी कम होगा।

## फर्जी फर्मों ...

जयेन्द्र सिंह

# आर्थिक, विकास और पारदर्शिता का नया मॉडल बनता उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश आज आर्थिक प्रगति, पारदर्शी प्रशासन और तकनीक आधारित सुशासन के जिस नए युग में प्रवेश कर चुका है, वह देश के लिए एक प्रेरक उदाहरण बनता जा रहा है। कभी धीमी आर्थिक गति और सीमित औद्योगिक विस्तार के लिए पहचाना जाने वाला प्रदेश अब देश की विकास यात्रा का सबसे मजबूत इंजन बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने जिस प्रकार कर प्रशासन, राजस्व वृद्धि और व्यापारिक वातावरण में व्यापक परिवर्तन किए हैं, उसने प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर कर दिया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्तर प्रदेश द्वारा जीएसटी और वैट मद में 1,15,977 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त करना प्रदेश की मजबूत आर्थिक संरचना और प्रभावी कर व्यवस्था का प्रमाण है। जीएसटी संग्रह के मामले में देश में दूसरा स्थान प्राप्त करना केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि प्रदेश की बढ़ती आर्थिक गतिविधियों, विस्तारित व्यापारिक दायरे और निवेशकों के बढ़ते विश्वास का परिणाम है। महाराष्ट्र के बाद देश में उत्तर प्रदेश का दूसरा स्थान प्राप्त करना, यह प्रदर्शित करता है कि अब प्रदेश केवल जनसंख्या के आधार पर नहीं, बल्कि आर्थिक क्षमता के आधार पर भी राष्ट्रीय परिदृश्य में अग्रणी बन चुका है।


उत्तर प्रदेश आज 21.82 लाख सक्रिय जीएसटी करदाताओं के साथ देश का सबसे बड़ा करदाता राज्य बन गया है। यह उपलब्धि इस बात का संकेत है कि प्रदेश में व्यापार और उद्योग का वातावरण लगातार मजबूत हुआ है। छोटे और मध्यम कारोबारियों के लिए सरल और भरोसेमंद व्यवस्था विकसित होने से नए व्यापारियों का दायरा तेजी से बढ़ा है। जीएसटी पंजीकरण की औसत अवधि प्रदेश में केवल 08 दिन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 14 दिन है। इससे स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को केवल नीतिगत घोषणा नहीं रहने दिया, बल्कि उसे व्यवहारिक रूप से लागू भी किया है। प्रदेश में कर प्रशासन को तकनीक आधारित और अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य हुआ है। डेटा आधारित निगरानी, एआई आधारित विश्लेषण और डिजिटल मॉड्यूल के प्रयोग ने कर व्यवस्था को अधिक सक्षम बनाया है। 16 पैरामीटर पर आधारित विश्लेषण प्रणाली के माध्यम से लाखों वार्षिक रिटर्नों का परीक्षण किया जा रहा है। इससे टैक्स चोरी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है और राजस्व वृद्धि को नई गति मिली है। वर्ष 2025-26 में 1.33 लाख डीलरों की स्क्रूटनी के दौरान 2,369 करोड़ रुपये की मांग सृजित होना और 345 करोड़ रुपये की वसूली होना यह दर्शाता है कि प्रदेश में तकनीक आधारित टैक्स प्रशासन बड़ी मजबूती से कार्य कर रहा है।

फर्जी फर्मों और बोगस इनपुट टैक्स क्रेडिट के विरुद्ध की गई कार्रवाई ने भी उत्तर प्रदेश को देश के सबसे सख्त और प्रभावी कर प्रशासन वाले राज्यों में शामिल किया है। 477 मामलों में एफआईआर दर्ज होना और 168 गिरफ्तारियां यह साबित करती हैं कि प्रदेश सरकार ईमानदार व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## जरा हटके

# गायत्री की चूड़ियों ने फ़िरोज़ाबाद में मज़बूत किये कई परिवारों के हाथ

उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में महिलाओं की आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार के प्रति बढ़ता रुझान ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक नया संबल बनकर उभरा है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनक-ल्याणकारी नीतियां वर्तमान समय में धरातल पर उतरकर जमीनी स्तर पर व्यापक सामाजिक और आर्थिक सुधार का माध्यम सिद्ध हो रही हैं। यह सरकारी नीतियां केवल कागजी दावों तक सीमित न रहकर ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों की उन प्रतिभावान युवतियों के जीवन में वास्तविक बदलाव ला रही हैं, जो कभी संसाधनों के अभाव में अपने हुनर को प्रकट करने से कतराती थीं। आज उत्तर प्रदेश का परिदृश्य बदल चुका है और यहां की बेटियां अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति तथा सरकारी वित्तीय सहयोग के बल पर नए उद्यम स्थापित कर समाज के सामने एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। यह व्यवस्था न केवल युवाओं के भीतर छिपी उद्यमशीलता की भावना को जगा रही है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को भी अभूतपूर्व ढंग से बढ़ा रही है। जब ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली एक सामान्य छात्रा एक सफल कारोबारी बनकर उभरती है, तो वह अपने साथ पूरे समाज की सोच में एक सकारात्मक परिवर्तन लेकर आती है। इस बदलते परिवेश और सफलता की एक अद्भुत मिसाल सुहाग नगरी फिरोजाबाद के एक छोटे से गांव बरकतपुर की रहने वाली बाईस वर्षीय युवती गायत्री हैं, जिन्होंने अपनी उम्र की सीमाओं और पारंपरिक बंधनों को पीछे छोड़ते हुए सफलता की एक नई इबारत लिखी है। अपनी शुरुआती शिक्षा गांव के ही एक प्राथमिक विद्यालय से प्राप्त करने वाली गायत्री वर्तमान में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ उनके मन में हमेशा से समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने और खुद का कोई स्वतंत्र व्यवसाय शुरू करने की तीव्र इच्छा थी ताकि वे अपने परिवार के लिए एक संबल बन सकें। इस राह में उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती पूंजी के अभाव की थी, क्योंकि किसी भी नए



व्यवसाय को शुरू करने के लिए लागत की आवश्यकता सबसे पहले होती है, वह उनके पास उपलब्ध नहीं थी। अब गायत्री अपने व्यवसाय की योजना को साकार करने के लिए सबसे पहले लागत की राशि के इंतजाम मं◌े जुट गईं। इसी संघर्ष के बीच उन्हें जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश सरकार की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी नीति यानी 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' (माई युवा योजना) के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह योजना गायत्री जैसे शिक्षित और कुशल युवाओं के सपनों को उड़ान देने का एक बेहतरीन माध्यम बनी है। भारत के सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश में युवाओं की एक बहुत बड़ी आबादी निवास करती है, और युवाओं की इस ऊर्जा को सही दिशा देकर उन्हें रोजगार प्रदाता बनाने के लिए ही इस विशेष अभियान का सूत्रपात किया गया है। इस योजना की बारीकियों को समझने के बाद गायत्री को यह आभास हुआ कि उनके सपनों को पूरा करने का माध्यम यही सरकारी नीति बन सकती है। वर्तमान प्रदेश सरकार की पारदर्शी कार्यशैली का लाभ उठाते हुए गायत्री ने बिना किसी हिचकिचा-हट के इस योजना के अंतर्गत अपना आवेदन प्रस्तुत किया। जिला प्रशासन की तत्परता और जन-अनु-कूल नीतियों के फलस्वरूप उन्हें बिना किसी अनुचित बाधा, सिफारिश या दलालों की मध्यस्थता के, सीधे बैंक से तीन लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण अत्यंत सुगमता से प्राप्त हो गया। योजना की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इसके प्रथम चरण में नए उद्योगों या सेवा क्षेत्र की परियोजनाओं को शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये तक का ऋण पूरी तरह से ब्याज मुक्त और बिना किसी गारंटी के बैंकों के माध्यम से दिया जाता है, जिसके भुगतान के लिए शुरुआती छह महीने का मोराटोरियम यानी छूट की अवधि भी मिलती है। वित्तीय सहायता के साथ-साथ ब्याज की चिंता से मुक्ति देकर सरकार ने युवाओं के जोखिम को बहुत कम कर दिया है। बैंक से प्राप्त हुई इस शुरुआती तीन लाख रुपये की वित्तीय मदद ने गायत्री के सपनों को हकीकत की जमीन पर उतारने के लिए एक सुदृढ़ आधार तैयार कर दिया। ऋण की राशि हाथ में आते ही उन्होंने बिना समय गंवाए अपने पारंपरिक हुनर को व्यावसायिक रूप देने की योजना बनाई। चूंकि फिरोजाबाद पूरी दुनिया में अपनी सुंदर चूड़ियों और कांच के उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रसिद्ध है, इसलिए गायत्री ने इसी क्षेत्र में कदम बढ़ाने का निर्णय लिया और गायत्री बैंगल्स डेकोरेशन नाम से अपनी एक छोटी सी चूड़ी सजावट इकाई की स्थापना की। इस इकाई के माध्यम से उन्होंने साधारण कांच की चूड़ियों को आधुनिक और आकर्षक डिजाइनों में ढालने का काम शुरू किया, जिसकी बाजार में निरंतर भारी मांग बनी रहती है। गायत्री का यह छोटा सा प्रयास देखते ही देखते एक सफल व्यावसायिक मॉडल में परिवर्तित हो गया और उनकी इस छोटी सी विनिर्माण इकाई ने स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के एक बड़े केंद्र का रूप ले लिया। आज उनकी इस आत्मनिर्भर इकाई में पंद्रह महिलाएं और पांच पुरुष पूरी लगन के साथ काम कर रहे हैं। गायत्री अब केवल एक साधारण उद्यमी या छात्रा मात्र नहीं रह गई हैं, बल्कि अपने पूरे इलाके में रोजगार देने वाली दीदी के गौरवशाली नाम से विख्यात हो चुकी हैं। उनके इस स्वावलंबन के सफर में उनके पिता संजय शर्मा और परिवार के अन्य सदस्यों ने भी हर मोड़ पर उनका उत्साहवर्धन किया और कारखाने के कार्यों में कंधे से कंधा मिलाकर अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहे हैं। वित्तीय समृद्धि के दृष्टिकोण से देखा जाए तो गायत्री आज इस व्यावसायिक इकाई के सफल संचालन से प्रतिमाह लगभग चालीस हजार रुपये की सम्मानज-नक शुद्ध आय अर्जित कर रही हैं।

# लखनऊ में रामभद्राचार्य की कथा सुनेंगे, पद्मजा ने पापा प्रतीक का टैटू बनवाया था

# राजनाथ ने अपर्णा यादव की छोटी बेटी को दुलारा

**मुलाकात**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । केंद्रीय रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह शुक्रवार दोपहर राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव से मिलने उनके घर पहुंचे। उन्होंने अपर्णा के पति प्रतीक यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया। उनकी छोटी बेटी पद्मजा को प्यार-दुलार किया। इस दौरान अपर्णा और उनका परिवार भावुक नजर आया।

राजनाथ सिंह के साथ 5 गाड़ियों का काफिला था। वह अगले 3 दिनों तक लखनऊ में ही रहेंगे। इससे पहले शुक्रवार सुबह 11:30 बजे रक्षामंत्री को लखनऊ एयरपोर्ट पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और मेयर सुषमा खर्कवाल ने रिसीव किया। रक्षामंत्री यहां से कृष्णानगर पहुंचे। वहां व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष दिवंगत अशोक मोतियानी के परिजनों से मुलाकात की। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया- रक्षामंत्री कृष्णानगर के हिंद नगर में अशोक मोतियानी के परिजनों से मिले। इसके बाद दिवंगत कपड़ा व्यापारी दर्शन लाल कुर्ती के आवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। शोक संवेदना व्यक्त कर उन्हें ढांढस बंधाया।



### पापा को गले लगाने वाली फोटो का टैटू बनवाया था

बीते दिनों प्रतीक की छोटी बेटी पद्मजा ने पापा की याद में खास टैटू बनवाया था। पद्मजा ने अपने हाथ में पापा प्रतीक को गले लगाए हुए तस्वीर गुदवाई थी। तस्वीर में प्रतीक बेटी पद्मजा को बहुत ही प्यार से सीने से लगाए हुए हैं। टैटू आर्टिस्ट साक्षी पंवार ने इंस्टाग्राम पर इसका वीडियो शेयर किया था। प्रतीक का निधन 13 मई को लखनऊ में हुआ था।

**रक्षामंत्री राजनाथ आज शाम को दिलकुशा लॉन में आयोजित "बायोयुग ग्रीन कमांड" कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद सीतापुर रोड स्थित सेवा अस्पताल परिसर में आयोजित रामकथा महोत्सव में शामिल होंगे, जहां जगद्गुरु रामभद्राचार्य की श्रीरामकथा सुनेंगे।**



राजनाथ सिंह अपर्णा यादव के घर पहुंचे और परिवार को शोक संवेदना व्यक्त की।

### राजनाथ 30 मिनट तक अपने आवास पर रुके

दोपहर 12:15 बजे राजनाथ सिंह कैंट स्थित कस्तूरबा पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। इसके बाद वह उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के आवास पहुंचे। राजनाथ इसके बाद कालिदास मार्ग स्थित अपने आवास पर गए। यहां करीब 30 मिनट तक वह आवास में ही रहे। इस दौरान उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और मेयर सुषमा खर्कवाल भी मौजूद रहीं।

राजनाथ सिंह 6 जून को गोमतीनगर और निराला नगर में विभिन्न परिवारों से मुलाकात करेंगे। शाम को हरदोई रोड स्थित मिलेनियम पैलेस में पश्चिम मंडल-2 के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, 7 जून को आलमबाग स्थित जीपी होटल एंड बैंक्वेट में कैंट मंडल-1 के प्रबुद्ध नागरिकों और गणमान्य लोगों से संवाद करने के बाद नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# पैर में गोली लगते ही हाथ जोड़ने लगा रेपिस्ट

## लखनऊ में युवती को अगवाकर हैवानियत की थी

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ पुलिस ने रेप के मुख्य आरोपी को दौड़ाकर गोली मारी। गोली बदमाश के पैर में लगी। पकड़े जाने पर वह हाथ जोड़कर माफी मांगने लगा। उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मुठभेड़ गुरुवार रात निगोहां थाना क्षेत्र के रामादेई खेड़ा गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, देर रात पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इस बीच एक संदिग्ध ऑटो दिखा। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया।

ऑटो चला रहे युवक ने यह देखते ही ऑटो मोड़ दिया और भगाने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया। कुछ दूरी पर ही बैलेंस बिगड़ने से ऑटो पलट गया। उसमें से निकले युवक ने पैदल भागते हुए पुलिस पर फायरिंग कर दी।

पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। पुलिस की गोली उसके बाएं पैर में लगी। वह घायल हो गया। युवक की पहचान थानाक्षेत्र के रंजीत खेड़ा मजरे विरसिंहपुर के राम मिलन के बेटे उपदेश लोधी उर्फ गहना (26) के रूप में हुई। 31 मई को उसने 19 साल की युवती को अपने इसी ऑटो में बैठाकर अगवा किया था। उसके साथ उसका साथी भी था। दोनों ने युवती को सुनसान जगह पर ले जाकर उस युवती के साथ रेप किया था। पुलिस के अनुसार, निगोहां क्षेत्र में रहने वाली एक 19 साल की युवती तेलीबाग स्थित मॉल में काम करती है। 31 मई की शाम ड्यूटी खत्म होने के बाद वह घर जाने के लिए तेलीबाग चौराहे पर एक ऑटो में बैठी।

**फास्ट न्यूज**

### लखनऊ में भीषण गर्मी के बाद बारिश

लखनऊ। लखनऊ में करीब एक हफ्ते की भीषण गर्मी के बाद आज सुबह मौसम बदल गया। तड़के बादल छा गए। ठंडी हवा चली। गरज-चमक के साथ बारिश भी हुई। सुबह 11 बजे हल्के बादलों के साथ तेज धूप निकल आई। मौसम विभाग ने दिन में कई बार तेज आंधी का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री के आसपास रहेगा।

### लखनऊ मेयर ने नगर आयुक्त के साथ लगाई झाड़ू

लखनऊ । विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आज लखनऊ नगर निगम ने पूरे शहर में मेगा स्वच्छता अभियान शुरू किया। इस अभियान की शुरुआत हजरतगंज चौराहे पर गांधी प्रतिमा से हुई। यहां से मेयर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ सड़क पर झाड़ू लगाकर विशेष सफाई अभियान को हरी झंडी दिखाई। अभियान के तहत लखनऊ के सभी 110 वार्डों में एक साथ विशेष सफाई अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। स्थानीय पार्षदों के नेतृत्व में सड़कों, नालियों, सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख चौराहों की पूरी तरह से साफ-सफाई की गई।

### लखनऊ में 15 साल की लड़की का गैंगरेप

लखनऊ । लखनऊ के जानकीपुरम विस्तार इलाके में 15 साल की लड़की का 38 और 45 साल के अधेड़ ने गैंगरेप किया। पीड़िता कम बोल और समझ पाती है। वह रोज शाम खाना खाने के बाद घर के बाहर करीब 100 मीटर दूर पुलिया तक टहलने जाती थी। उस शाम जब वह बाहर निकली तो इलाके की बिजली कट गई।

# लखनऊ मेट्रो ने महिलाओं के लिए शुरू की माय-दीदी सेवा

## ई-बाइक से 5 किलोमीटर तक सफर सिर्फ 15 रुपए में

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर लखनऊ मेट्रो ने महिलाओं को सुरक्षित और सुविधा-जनक लास्ट माइल कनेक्टिविटी देने के लिए खास पहल की है। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (UPMRC) ने शुक्रवार से महिलाओं के लिए विशेष ईवी बाइक फीडर सेवा 'माय दीदी' की शुरुआत कर दी।

इसकी सबसे खास बात यह है कि इस सेवा में बाइक चालक और यात्री दोनों महिलाएं ही होंगी। सेवा का शुभारंभ विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर UPMRC के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने किया। मेट्रो प्रशासन का कहना है कि यह पहल महिलाओं की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और महिला रोजगार सृजन में भी मदद करेगी। मेट्रो प्रशासन के अनुसार 5 जून से 13 जून तक सभी महिला यात्रियों के लिए यह सेवा पूरी तरह निशुल्क रहेगी। इसके बाद महिला यात्री मेट्रो स्टेशन से 5 किलोमीटर तक की दूरी महज 15 रुपए में तय कर सकेंगी। उद्घाटन दिवस पर सेवा का उपयोग करने वाली पहली 10 महिला यात्रियों को विशेष उपहार भी दिए गए। मेट्रो अधिकारियों का कहना है कि कई यात्रियों को स्टेशन से घर या कार्यालय तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त साधन तलाशने पड़ते हैं। 'माय दीदी' सेवा इस समस्या का समाधान करेगी।



### आम तोड़ने चढ़ा युवक पेड़ से गिरा हुई मौत

लखनऊ। लखनऊ के काकोरी इलाके में आम तोड़ने के दौरान पेड़ से गिरकर घायल हुए युवक की इलाज के दौरान ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गई। मृतक का दो दिन पहले ही जन्मदिन था, जिसे उसकी 11 वर्षीय बेटी ने बड़े उत्साह के साथ मनाया था। काकोरी ग्राम हलवापुर निवासी मुकेश गौतम (37) पुत्र हरीश चंद्र गौतम आम तोड़ने के लिए घर के पास ही लगे पेड़ पर चढ़े थे। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह मुंह के बल नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां से ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मुकेश आर्टिफिशियल ज्वेलरी का काम करते थे। उनकी मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों ने बताया कि करीब तीन साल पहले मुकेश का पत्नी से तलाक हो गया था। उनकी 11 वर्षीय बेटी पारी है, जिससे उन्हें बेहद लगाव था।

## सिर फटने से मौत ■ घरवालों से लड़-झगड़कर शादी तय कराई थी

# प्रेमी से बात करते-करते ओवरब्रिज से कूदी लड़की



ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने युवती को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में 22 साल की एक लड़की ने ओवरब्रिज से कूदकर जान दे दी। करीब 20 फीट ऊंचाई से वह सड़क पर गिरी। इससे उसका सिर फट गया।

लड़की ने अपने घरवालों से जिद करके प्रेमी से अपनी शादी तय कराई थी। घरवालों के अनुसार, वह ज्यादातर अपने प्रेमी और उसके परिवार के साथ ही समय बिताती थी। पुलिस के मुताबिक, घटना से पहले लड़की अपने प्रेमी से फोन पर बात कर रही थी। परिजनों का आरोप है कि गुरुवार रात फोन पर बातचीत के दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद वह प्रेमी से ही बात करते हुए घर के बाहर निकली और ओवरब्रिज से कूद गई। परिजनों के अनुसार, शिल्पी का पास के ही एक युवक से प्रेम संबंध था। परिवार की सहमति के बाद दोनों की शादी तय हो चुकी थी। नवरात्र में सगाई और अगले साल फरवरी में विवाह की तैयारी थी। लेकिन शिल्पी चाहती थी कि शादी अगले साल नहीं बल्कि इसी साल कर दी जाए। पिता की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार ने विवाह अगले साल करने का फैसला किया था। इसी बात को लेकर घर में अक्सर विवाद होता था। परिवार का कहना है कि शिल्पी अपनी बात पर अड़ी रहती थी।



शिल्पी, मृतक

**पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। कॉल डिटेल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर यह पता लगाया जा रहा है कि घटना से पहले युवती और उसके प्रेमी के बीच क्या बातचीत हुई थी।**

### घर से बिना बताए निकली थी

मामला मड़ियांव थाना क्षेत्र का है। यहां कसाईबाड़ा निवासी रामकिशन गौतम की बेटी शिल्पी गौतम (22) 12वीं तक पढ़ी थी। बहन लक्ष्मी ने बताया कि गुरुवार रात करीब 10 बजे पूरा परिवार एक साथ खाना खा रहा था। इसी दौरान शिल्पी मोबाइल लेकर घर से बाहर चली गई। वह अक्सर प्रेमी से बात करने के लिए बाहर निकल जाती थी, इसलिए किसी ने उस पर ध्यान नहीं दिया। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिवार को लगा कि वह प्रेमी के घर चली गई होगी।

# जनता बदलाव चाहती है : अखिलेश

## भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल, 2027 में जनता देगी जवाब: अखिलेश यादव

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और बदहाल व्यवस्थाओं से त्रस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं को रोजगार देने में नाकाम रही है और भर्ती परीक्षाओं में लगातार पेपर लीक होने से लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है और खाद-बीज जैसी आवश्यक वस्तुओं के लिए भटकना पड़ रहा है। डीएपी और एनपीके जैसे उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाते हुए कालाबाजारी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा केवल चुनावी नारा बनकर रह गया है। सपा प्रमुख ने प्रदेश में भ्रष्टाचार और जातिवाद के बढ़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि थाना, तहसील और कलेक्ट्रेट स्तर तक आम लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई हिस्सों में लोग बिजली कटौती से परेशान हैं, जबकि सरकार समाधान देने में असफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विकास की गति पकड़ने के बजाय पीछे जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और निवेश जैसे क्षेत्रों में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। अखिलेश यादव ने दावा किया कि समाजवादी सरकार के समय किसानों के हित में शुरू की गई कई योजनाओं और मंडियों के विकास कार्यों को वर्तमान सरकार ने आगे नहीं बढ़ाया।

**■ कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर भी अखिलेश यादव ने सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश में अराजक तत्वों का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने प्रतापगढ़ और गाजीपुर की घटनाओं का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि न्याय की मांग करने वालों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है और प्रशासन निष्क्रिय बना हुआ है।**

# राजधानी में नाले की सफाई के दौरान कर्मचारी की मौत

## बिना सुरक्षा उपकरण के मैनहोल में उतरा, बचाते समय साथी भी अचेत हुए

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में आज नाले की सफाई के दौरान एक कर्मचारी की मौत हो गई। वह 3 साथियों के साथ चिनहट तिराहा फल मंडी के पास नाले की सफाई के लिए मैनहोल में उतारा। नाले में बने गैस की वजह से वह बेहोश हो गया। साथियों ने रस्सी की मदद से उसे बाहर निकाला और डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल ले गए। स्थिति गंभीर होने पर उसे चंदन अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक, आज दोपहर में सूचना मिली कि चिनहट तिराहा फल मंडी के पास नाला सफाई कर रहे कर्मचारियों में से एक अंदर फंस गया है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला कि ललित, लाला राम, आकाश कुमार और राजन ठेकेदार आकाश के कहने पर नाले की सफाई कर रहे थे। कर्मचारियों ने बताया कि सफाई के दौरान लालाराम नाले के अंदर फंस गए है। उन्हें हम लोगों ने स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। घटना की जानकारी होने पर मेयर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार, चीफ इंजीनियर सिविल महेश वर्मा, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी अस्पताल पहुंचे।



### बिना सुरक्षा उपकरण के काम करने का आरोप

लालाराम के साथ काम कर रहे ललित ने बताया कि हम लोग नाले के चैंबर की सफाई करने आए थे। लालाराम जैसे ही चैंबर में उतरे, गैस बनने से वह नाले में गिर गए। उनके कंधे पर रस्सी बांधकर उनको नाले से निकाला गया।

वह पूरी तरह से अचेत हो गए थे। हम लोग भी चक्कर खाकर अचेत सा हो गए थे। मौके पर कोई सुरक्षा बेल्ट या रस्सी नहीं बांधी थी। सुरक्षा उपकरण के नाम पर सिर्फ खिलवाड़ किया जा रहा है।

**घटना : गार्डों पर पीटने का आरोप, संस्थान ने कहा- कार्रवाई से बचने के लिए नाटक किया**

# लोहिया अस्पताल में बेहोश हुई महिला

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में एक महिला के साथ मारपीट मामला सामने आया है। आरोप है कि संस्थान के सिक्योरिटी गाड्‌र्स ने महिला को इस कदर पीटा कि वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। मौके पर पहुंची पुलिस महिला सिपाहियों की मदद से महिला को धूप से छांव में ले गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, संस्थान परिसर में किसी बात को लेकर महिला और सुरक्षा कर्मियों के बीच विवाद हुआ। आरोप है कि विवाद के दौरान सुरक्षा गाड्‌र्स ने महिला के साथ मारपीट की। घटना के बाद महिला की हालत बिगड़ गई और वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गई। हालांकि, संस्थान का कहना है कि उन्होंने दूसरी महिला के साथ अभद्रता की थी। कार्रवाई से बचने के लिए बेहोशी का ड्रामा किया। किसी भी गार्ड ने उनके साथ मारपीट या अभद्रता नहीं की है। पुलिस ने भी महिला की पिटाई के आरोप को गलत बताया है। पुलिस का कहना है कि महिला ने दूसरी महिला के साथ मारपीट की थी। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

संस्थान के अनुसार, घटना स्थल पर लगे CCTV कैमरों और अन्य रिकॉर्डिंग की समीक्षा में यह स्पष्ट हुआ कि विवाद की शुरुआत रीना नामक महिला की ओर से हुई थी। फुटेज में उन्हें दूसरी महिला के साथ अभद्रता करते और थप्पड़ मारते हुए देखा गया है। घटना के बाद स्थिति को नियंत्रित करने पहुंचीं महिला सुरक्षा कर्मियों के साथ भी रीना ने अनुचित व्यवहार किया। सुरक्षा कर्मियों ने केवल व्यवस्था बनाए रखने के लिए हस्तक्षेप किया था।



### 'महिला खुद हमला करते दिख रही है'

इस मामले में लोहिया संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ.भुवन चंद्र तिवारी ने बताया कि घटना की CCTV फुटेज निकाली गई है। महिला खुद दूसरी महिला पर हमला करती दिख रही है। मौके पर पुलिस भी मौजूद थी। आगे की विधिक कार्रवाई पुलिस की तरफ से की जा रही।

पुलिस चौकी प्रभारी विश्व दीपक ने बताया कि दो महिलाओं के बीच का विवाद था। बाराबंकी के विजयनगर निवासी रीना नाम की महिला ने अचानक दूसरी महिला पर हमला कर दिया था, जिसके बाद जब दोनों के बीच विवाद खत्म करने का प्रयास किया गया तो वो भागने लगी। इस दौरान आगे जाकर गिर पड़ी। पीड़ित पक्ष की तरफ से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**घटना के दौरान मौजूद कुछ लोगों ने महिला की हालत का वीडियो बनाने की कोशिश की। आरोप है कि सुरक्षा कर्मियों ने वीडियो रिकॉर्डिंग रोकने का प्रयास किया और लोगों को वहां से हटाने की कोशिश की। सूचना मिलने पर लोहिया चौकी इंचार्ज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बेहोश महिला की स्थिति की जानकारी ली गई। पुलिस महिला का बयान लेने की प्रक्रिया में जुटी है। मामले की जांच की जा रही है।**

### 'फर्जी मरीजों की दवा इमरजेंसी टैग लगाकर मंगाई'

लखनऊ। लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) के यूरोलॉजी विभाग में सामने आए करीब 2.5 करोड़ रुपए के दवा घोटाले की जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। जांच में पता चला कि जहां वास्तविक मरीजों को दवाएं मिलने में 15 से 20 दिन का इंतजार करना पड़ता था।

आमतौर पर एक महीने के बाद ही ऐसे मरीजों को जांच रिपोर्ट मिल पाती थी। जबकि, फर्जी लाभार्थियों के नाम पर महंगी दवाएं मात्र 3 से 5 दिन में मंगा ली जाती थीं। वहीं, जांच शुरू होती ही अलमारी में छुपा कर रखी गई 15 लाख की दवाओं का स्टॉक भी सामने आ गया है।

जांच टीम इसको लेकर भी पड़ताल कर रही है। ऐसे में अब ये साफ है कि सामान्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को कागजों पर कैंसर और अन्य गंभीर रोगों का मरीज दिखाकर दवाएं मंगाईं। कुछ मामलों में मरीज की मौत के बाद भी उसके नाम पर दवाओं की खरीद की गई।

# यूपी में 200 से ज्यादा डीसीपी के तबादले

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या। उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए डीएसपी और समकक्ष रैंक के 200 से अधिक अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। जारी सूची में अयोध्या के कई क्षेत्राधिकारियों (सीओ) के नाम शामिल हैं। रुदौली, मिल्कीपुर, एलआईयू और रामजन्मभूमि परिसर में तैनात अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

गृह विभाग के आदेश के अनुसार गोंडा एलआईयू में तैनात पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार वर्मा को अयोध्या एलआईयू का नया प्रभारी बनाया गया है। वहीं अयोध्या एलआईयू में तैनात विवेक वाष्र्णेय का तबादला आगरा जोन में मंडलाधिकारी पद पर किया गया है। अयोध्या में तैनात सीओ रुदौली आशीष निगम को रायबरेली भेजा गया है। सीओ मिल्कीपुर अजय सिंह को जालौन में नई तैनाती मिली है। रामजन्मभूमि परिसर के सीओ योगेंद्र कुमार को एसएफ गोरखपुर भेजा गया है, जबकि सीओ मयंक मिश्रा का तबादला कन्नौज कर दिया गया है। प्रदेश स्तर पर हुए इस व्यापक फेरबदल में कमिश्नरेट, पीएसी, एसएसएफ, एलआईयू समेत विभिन्न इकाइयों में तैनात अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं।



**■ अयोध्या के कई सीओ बदले, एलआईयू और रामजन्मभूमि परिसर में नई तैनाती**

# गाजीपुर में पत्नी बोली- मेहंदी भी नहीं छूटी, जंगल ले जाकर पुलिस ने गोली मारी
# शादी के 37वें दिन कमलेश बिंद एनकाउंटर में ढेर

**कार्रवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजीपुर। गाजीपुर में बुधवार रात होटल कारोबारी विनीत राय की हत्या के आरोपी कमलेश बिंद को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। उसकी 37 दिन पहले शादी हुई थी। बिहार के मोहनिया से दुल्हन मनीषा को बड़े धूमधाम से विदा कराकर घर लाया था। मनीषा नर्सिंग की छात्रा है।

मनीषा को भी पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। मनीषा ने कहा, मेरे पति निर्दोष थे। पुलिस उन्हें रामपुर से जबरन उठाकर लाई थी। 30 मई को मुझे और मेरी प्रधान जेठानी को पुलिस ने थाने में बिठाए रखा। मेरी आंखों के सामने थाने में पुलिस ने मेरे पति को बुरी तरह पीटा। इसके बाद जंगल ले जाकर उनका एनकाउंटर कर दिया। मनीषा ने रोते हुए कहा,एक महीने पहले ही मेरी शादी हुई थी। हाथों की मेहंदी भी अभी नहीं उतरी। मेरा सुहाग छीन लिया। जिस तरह मेरे पति को मारा, वैसे ही उनका एनकाउंटर करने वालों का एनकाउंटर किया जाए।

29 मई की रात गाजीपुर में 4 बदमाशों ने होटल कारोबारी आलोक राय के बेटे विनीत राय की गोली मारकर हत्या कर दी थी। विनीत के पिता आलोक राय ने कटरा गैंग के सरगना शंकर पांडेय, सोनू यादव, कमलेश बिंद और मोनू त्रिपाठी पर केस दर्ज कराया था। कमलेश पर एक लाख इनाम था। शंकर पर भी एक लाख और बाकी दो पर 50-50 हजार रुपए का इनाम है। तीनों फरार हैं।



■ गाजीपुर के कमलेश बिंद और मनीषा की शादी 27 अप्रैल को हुई थी।

### पत्नी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही, भाभी ग्राम प्रधान

कमलेश बिंद गाजीपुर में गोड़ा, सोहिलापुर का रहने वाला था। 19 अप्रैल को गांव में तिलक चढ़ी थी। 8 दिन बाद 27 अप्रैल को शादी हुई थी। वह बिहार के मोहनिया बारात लेकर गया था। दुल्हन मनीषा नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। कमलेश की भाभी गोड़ा गांव की ग्राम प्रधान है। उसका बड़ा भाई संजय चौधरी है।

### भाई बोला- पुलिस से हत्या करवाई गई

कमलेश बिंद के बड़े भाई संजय कुमार बिंद ने बताया, मेरे भाई पर 29/30 मई की रात विनीत राय की हत्या का झूठा आरोप लगाकर नामजद एफआईआर दर्ज की गई थी। जबकि जिस समय विनीत राय को मारा गया, उस समय कमलेश गांव में ही था। फर्जी एफआईआर के डर से कमलेश रामपुर चला गया था। 2 जून को मेरे भाई और गांव के दो लड़कों को पुलिस रामपुर से जबरन उठा लाई। अगले दिन 3 जून को ही उसका फर्जी एनकाउंटर कर दिया। मेरा भाई निर्दोष था।

संजय कुमार बिंद ने बताया, 30 मई की सुबह मेरी पत्नी प्रधान अनीता और कमलेश की पत्नी मनीषा को पुलिस उठा ले गई थी। मैंने बहुत रिक्वेस्ट की कि छोड़ दीजिए, पर पुलिस ने कस्टडी में रखा। बहुत प्रताड़ित किया।



■ पुलिस की दो गोलियां कमलेश के सीने में लगीं। इससे वह गिर पड़ा। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

> संजय का दावा है कि आलोक राय ने अपने बेटे की हत्या में मेरे भाई को इसलिए फंसाया, क्योंकि उनके होटल में गंदा काम होता था। लड़कियों की जिस्मफरोशी होती है, बीयर बार में आए दिन मारपीट होती है। कमलेश और उसके दोस्त विरोध करते थे तो मारपीट पर उतारू हो जाते थे।

# 18 साल पुराने दोस्त ने की कोचिंग संचालक की हत्या
## यूट्यूब पर सर्च किया- पहचान छिपाकर कैसे मारें

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में कोचिंग संचालक विजय प्रकाश गुप्ता की हत्या के मामले का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। हत्या किसी रंजिश में नहीं, बल्कि सोने की चेन और ब्रेसलेट लूटने के लिए की गई थी। आरोपी मोहित द्विवेदी उसका 18 साल पुराना दोस्त निकला। पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने बताया- आरोपी मोहित ने करीब 15 दिन पहले हत्या की योजना बनाई थी। उसने यूट्यूब पर सर्च किया कि पहचान छिपाकर दोस्त की हत्या कैसे की जाए। इसके अलावा उसने क्राइम पेट्रोल के कई एपिसोड भी देखे, ताकि पुलिस जांच से बचने के तरीके समझ सके।

पुलिस कमिश्नर ने बताया- नवाबगंज स्थित आजाद नगर में कोचिंग संचालक विजय प्रकाश गुप्ता और आजाद नगर का ही रहने वाला आरोपी मोहित द्विवेदी दोनों एक-दूसरे से 18 साल से परिचित थे। मोहित और विजय एक ही बिल्डिंग में कोचिंग चलाते थे। दोनों एक साथ शराब पीते और जुआ भी खेलते थे।



लंबे समय पहले मोहित की पत्नी उसे छोड़ कर जा चुकी थी, कुछ समय बाद उसकी कोचिंग भी बंद हो गई। इसके बाद मोहित एक कंपनी में लेबर सप्लाई का काम करने लगा। होली में आरोपी मोहित और कोचिंग संचालक विजय एक साथ खुजराहों घूमने गए थे, जहां उसकी नजर विजय के 10 लाख रुपए कीमत के सोने के ब्रेसलेट और चेन पर पड़ी। इसके बाद से मोहित ने उसे लूटने की योजना बना ली थी।

**फास्ट न्यूज**

### नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

रायबरेली। रायबरेली में डलमऊ पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, थाना डलमऊ में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग बेटी को एक अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### एनटीपीसी ऊंचाहार में पर्यावरण दिवस पर संवाद

रायबरेली। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनटीपीसी ऊंचाहार के डीएवी ऑडिटोरियम में 'बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026' के अंतर्गत एक प्रेरणात्मक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के उद्यान मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह और जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक गीत 'अंधकार की घोर निशा में, ज्योति किरण बनकर हम छाए' ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथियों ने बच्चों को फलदार पौधे वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रामराज्य संकल्प अभियान के तहत कोविदार के पौधे लगाए

अयोध्या । भगवान श्रीराम के आदर्शों और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलाए जा रहे रामराज्य संकल्प अभियान के तहत अयोध्या के विवेक सृष्टि परिसर में कोविदार का पौधरोपण किया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कोविदार वृक्ष का संबंध भगवान श्रीराम के वंश से माना जाता है।

# 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का लिया संकल्प

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं नई दिल्ली स्थित नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक महानिदेशालय के निर्देशों के अनुपालन में आज विश्व पर्यावरण दिवस पर नागरिक सुरक्षा विभाग, मथुरा द्वारा जनपद में ₹वृक्षारोपण अभियान₹ का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा मथुरा, चंद्र प्रकाश सिंह के दिशा-निर्देशन तथा उप नियंत्रक कश्मीर सिंह, नागरिक सुरक्षा, मथुरा एवं ए डी सी के कुशल मार्ग-दर्शन में संपन्न हुआ। इसके अंतर्गत वार्डन पोस्ट संख्या 01 के पोस्ट वार्डन एवं मास्टर ट्रेनर अशोक यादव के नेतृत्व में वेटरनरी कॉलेज, औरंगाबाद एवं दामोदर पूरा एवं महत्वपूर्ण स्थलों आदि स्थानों पर सघन वृक्षारोपण किया गया। इस वर्ष अभियान के तहत ₹एक पेड़ मां के नाम₹ मुहिम में वार्डन पोस्ट संख्या 01 की टीम के वार्डन एवं स्वयंसेवकों ने मिलकर स्थानीय जलवायु के अनुकूल स्वदेशी, छायादार और औषधीय पौधे रोपे। मास्टर ट्रेनर अशोक यादव ने सभी स्वयंसेवकों को एक पेड़ मां के नाम लगाने, पौधों के संरक्षण और उनकी नियमित देखभाल करने की शपथ दिलाई। इस पुनीत कार्य/मुहिम में डिप्टी पोस्ट वार्डन विकास सोनी, सेक्टर वार्डन राम सैनी, हेमंत, राजेश कुमार, शुभम कुमार, गुलशेर, पवन प्रकाश, अविनाश, अरुण, देवेन्द्र, श्याम नरेश अग्रवाल,पंकज गर्ग, रोहित कुशवाह, पंकज कुमार,अनुज एवं वरिष्ठ अधिकारियों और स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



# योगी से मिलीं मोनिका यादव, आशीर्वाद लिया
## भाजपा नेता पति भी साथ थे, धर्मेंद्र यादव से तलाक के बाद 9 दिन पहले की दूसरी शादी

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। सपा सांसद धर्मेंद्र यादव की पूर्व पत्नी मोनिका यादव ने भाजपा नेता पति के साथ शुक्रवार को लखनऊ में सीएम योगी से मुलाकात की। उनका आशीर्वाद लिया। गौरव ने संवाददाता को बताया कि हमारी योगी जी से करीब 15 मिनट तक बात हुई। कहा कि तुम दोनों अपने जिलों में अच्छा काम कर रहे हो। ऐसे ही काम करते रहो।

मैंने सीएम से कहा- मैं एक किसान संवाद करना चाहता हूं। इसमें कुछ किसान आपसे मिलना चाहते हैं। इस पर जल्द ही समय देने की बात कही है। मैंने उन्हें प्रधानों को प्रशासक बनाने के लिए भी धन्यवाद दिया। चलते समय हम दोनों ने योगी जी को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उनके प्रेम और सहयोग से हमेशा हमें प्रेरणा मिलती है। मोनिका इस समय भाजपा में हैं। फर्रुखाबाद की जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। वहीं, भाजपा नेता गौरव भी मेरठ जिला पंचायत अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। दोनों ने 28 मई को हिमाचल प्रदेश में शादी की थी। मुलायम से नजदीकी संबंधों की वजह से नरेंद्र सिंह ने बेटी मोनिका की शादी अखिलेश के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव के साथ की थी। हालांकि, शादी के कुछ ही दिनों बाद दोनों के रिश्ते में खटास आ गई। 2016 के पंचायत चुनाव में मोनिका उम्मीदवार बनाई गईं। लेकिन, पार्टी की अंदरूनी राजनीति की वजह से हार गईं। इसी बीच धर्मेंद्र ने मोनिका को तलाक दे दिया और दूसरी शादी कर ली। 2021 के पंचायत चुनाव में उन्होंने समाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थामा। उन्हें भाजपा का समर्थन मिला तो जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाने में कामयाब हो गईं।



■ मोनिका यादव ने भाजपा नेता पति गौरव चौधरी के साथ सीएम योगी से मुलाकात की।

### 31 मई को नौचंदी मेला घूमे थे, मंदिर में पूजा की थी

इससे पहले, शादी के बाद 31 मई को गौरव चौधरी अपनी पत्नी मोनिका यादव के साथ मेरठ पहुंचे थे। नौचंदी मेला घूमे थे। मोनिका लाल रंग की साड़ी में नजर आई थीं। उन्होंने पति के साथ मशहूर हरियाणवी कलाकार रेणुका पवार का डांस शो देखा था। दोनों महादेव मंदिर और ओघड़नाथ मंदिर भी गए थे।

> मोनिका का आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव से 2016 में तलाक हो चुका है। गौरव भी अपनी पूर्व पत्नी को तलाक दे चुके हैं। एक साल से दोनों में बातचीत चल रही थी। उनकी पहली मुलाकात सीएम आवास में हुई थी। बाद में दोनों एक-दूसरे के नजदीक आ गए।

### मोनिका के पिता मुलायम सिंह के खास रहे

मोनिका पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव की बेटी हैं। नरेंद्र सिंह यादव 6 बार विधायक रहे। मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव सरकार में मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने 1985 में कांग्रेस के टिकट पर पहला चुनाव जीता था। बाद में समाजवादी पार्टी के गठन के दौरान वे मुलायम सिंह के साथ चले गए। नरेंद्र के पिता राजेंद्र सिंह यादव भी बड़े राजनेता रहे हैं। वह प्रजा समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में एक थे। उन्होंने यूपी सरकार में मंत्री के तौर पर भी काम किया था। वे फर्रुखाबाद के शमशाबाद और मोहम्मदाबाद सीट से सात बार विधायक चुने गए थे। मोनिका परिवार की तीसरी पीढ़ी की सदस्य हैं।

# संभल में मजार पर चला बुलडोजर
## 70 पुलिसकर्मी तैनात, एसपी बोले- सभी अवैध अतिक्रमण हटाए जाएंगे

तमसा संकेत, एजेंसी

संभल । संभल में शुक्रवार को एक मजार को बुलडोजर से ढहा दिया गया। प्रशासन का कहना है कि मजार सरकारी जमीन पर बनी थी। 4-5 साल पहले अवैध अतिक्रमण करके इसे बनाया गया था। वहीं, मजार के मुतव्वली अजीज ने दावा किया कि पीर बाबा की ये मजार 500-600 साल पुरानी है।

शुक्रवार सुबह प्रशासन की टीम 2 बुलडोजर लेकर पहुंची। एक घंटे में मजार को ढहा दिया। इस दौरान एसपी केके बिश्नोई और डीएम अंकित खंडेलवाल भी मौके पर पहुंचे। मजार जिला मुख्यालय से 29 किमी दूर गुन्नौर थाना इलाके में बाघऊ गांव में महावा नदी के कैचमेंट एरिया में बनी हुई थी।

तहसील कोर्ट ने मजार को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। इसके बाद मजार के मुतव्वली डीएम कोर्ट गए। वहां भी अपील खारिज कर दी गई। इसके बाद प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई की। इस दौरान गुन्नौर पुलिस और पीएसी के 70 जवान तैनात रहे। बाघऊ गांव में 'खेरे वाले बाबा चमन शाह बाबा दरगाह शरीफ मजार' नाम का धार्मिक निर्माण था। लेखपाल की जांच रिपोर्ट के मुताबिक, गाटा संख्या 592 की भूमि में से 24 वर्गमीटर क्षेत्र पर अजीज पुत्र अल्लन, निवासी बाघऊ का अवैध कब्जा पाया गया। ग्राम सभा बाघऊ की ओर से अजीज के खिलाफ यूपी राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 के तहत 18 अप्रैल 2026 को वाद दायर किया गया। जांच में सामने आया कि लगभग 5 साल पहले 'ज्यारत' के नाम पर कब्जा कर निर्माण कराया गया। सुनवाई के बाद तहसीलदार न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने, 39 हजार रुपए हर्जाना और 300 रुपए निष्पादन शुल्क जमा करने का आदेश दिया। अजीज ने जिलाधिकारी कोर्ट में आदेश को चुनौती दी।



### दावा- पीर बाबा नाम से 500-600 साल पुरानी मजार

मुतव्वली अजीज ने कहा कि पीर बाबा नाम से 500-600 साल पुरानी मजार है। कई पीढ़ियां बदल गईं। आसपास के गांवों में मालूम कर लीजिए, यहां पर दो ही चीजें थीं- माता रानी और पीर बाबा। यहां काफी लोग आते हैं, जो लोग माता रानी के दर्शन करने आते हैं, वह मजार पर भी आते हैं। आगे वाली मजार इन लोगों ने तोड़ दी। हमें तब भी कोई दिक्कत नहीं हुई। प्रशासन ने गेट तोड़ दिया, तब भी हमने कुछ नहीं किया।



■ मजार पर कार्रवाई के दौरान मौके पर डीएम-एसपी भी पहुंचे।

> एसपी केके विश्नोई ने कहा एक धार्मिक इमारत थी, जिसे गिराया गया। संभल में सरकारी जमीन को अवैध निर्माण और अतिक्रमण से मुक्त कराके लैंड बैंक बनाया जा रहा है। अभी तक 100 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन को मुक्त कराया गया है।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ

तमसा संकेत, संवाददाता

बलदेव। अधिक मास के चलते श्री दाऊजी कोल्ड स्टोरेज पर श्री मद भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा का शुभारंभ क्षीरसागर स्थित हरदेव जी मंदिर से हुआ।महिलाएं 51 कलश लेकर निकलीं।कलश यात्रा का जगह जगह नगरवासियों ने पुष्प वर्षा व आरती उतार कर किया। इस अवसर पर रमणरेती आश्रम महावन से आए गोविंदानंद जी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करवाने से पुण्य की प्राप्ति होती है, लेकिन श्रद्धा और एकाग्रता के साथ कथा का श्रवण करने से व्यक्ति को विशेष आध्यात्मिक लाभ मिलता है। श्रीमद् भागवत कथा मानव जीवन को सत्य, धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। कथा के माध्यम से व्यक्ति के मन में भगवान के प्रति समर्पण और सकारात्मक भाव उत्पन्न होते हैं। इस अवसर पर भागवत प्रवक्ता कपिलदेवाचार्य,परीक्षित यतेंद्र पांडेय,रंजना शर्मा, श्री राधा कृष्ण सेवा मंडल के अध्यक्ष राकेश गोयल,अनीता गोयल,नारायण गोयल,तुषार गोयल,रोहित मोदी,विनोद गर्ग,विशाल अग्रवाल,सुदीप बंसल,संजीव गोयल,दिवाकर स्वरूप शर्मा,ललित शाहू,भूदेव सिंह,प्रेमवीर सिंह,पिंटू पांडेय,बलराम पाठक,जगदीश पाठक,सुनील गोयल,संजीव गोयल,बंटी गोयल,विकास अग्रवाल,सुनील गर्ग,राजा सेठ,अमित भारद्वाज,हरिओम अग्रवाल, करन अग्रवाल,त्रिलोकी नाथ मोदी, सुजीत वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



> ■ कथा को एकाग्र मन से सुनने वाला व्यक्ति आध्यात्मिक रूप से समृद्ध : गोविंदानंद

## पृष्ठ 01 का शेष...

### हमने नल लगवाए...

सुप्रीम कोर्ट ने सभी पूर्व CM को आवास खाली करने का आदेश दिया था। अखिलेश ने भी अपना आवास खाली कर दिया। इसके बाद भाजपा के लोगों ने उन पर टोटी चोरी करने का इल्जाम लगाना शुरू कर दिया था।

अखिलेश कई बार इन आरोपों का जवाब दे चुके हैं। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि हमारे ऊपर इल्जाम लगा कि हम टोटी ले गए। मेरे जाने के बाद सीएम आवास को गंगाजल से धुलवाया गया। यह सब आप भूल सकते हो, मैं नहीं। आज सीएम योगी के 54वें जन्मदिन पर महोबा में बुंदेली समाज के लोगों ने अपने खून से 54 बधाई संदेश लिखकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। सीएम योगी के 54वें जन्मदिन पर महोबा में बुंदेली समाज के लोगों ने अपने खून से 54 बधाई संदेश लिखकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

आयोजन महोबा के आल्हा चौक स्थित आंबेडकर पार्क में हुआ, जहां सुबह से ही बुंदेली समाज के लोग एकत्र हुए। समाज के सदस्यों ने पारंपरिक तरीके के बजाय अपने रक्त से बधाई संदेश लिखकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त किया।

बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक युवाओं और बुजुर्गों ने रक्तदान किया। इसी रक्त का उपयोग कर मुख्यमंत्री के लिए कुल 54 बधाई पत्र तैयार किए गए।

### फायरिंग मामले में ...

पुलिस ने छात्रों से अपील की है कि वो किसी कोचिंग सेंटर के बहकावे में ना आएं। वहीं, सैकड़ों की संख्या में स्टूडेंट्स खान सर की कोचिंग के बाहर जुटे और समर्थन में नारेबाजी की।

शाम में खान सर की कोचिंग के बाहर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सभी स्टूडेंट्स को कोचिंग परिसर से बाहर किया जा रहा है।

दरअसल, 2 जून की रात पटना स्थित खान सर की कोचिंग पर हमला हुआ था। घटना के दौरान उनके बॉडीगार्ड्स के फायरिंग किए जाने का वीडियो सामने आया था। मामले में पुलिस पहले ही दोनों बॉडीगार्ड्स को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है और खान सर से भी पूछताछ की जा चुकी है।

हमले वाले दिन खान सर ने पुलिस की जमकर तारीफ की थी। अब उन्होंने कहा कि पुलिस लेट पहुंची। गार्ड्स के फायरिंग वाले वीडियो पर खान सर ने कहा, मारपीट हो रही थी। मुझे पता था पुलिस को पहुंचने में समय लगेगा। पुलिस वहां उड़कर तो नहीं पहुंचती, इसलिए गार्ड्स ने सेल्फ डिफेंस में फायरिंग की।

गार्ड क्यों रखते हैं ताकि समय पड़े तो लोगों को बचा सकें। जब तक पुलिस नहीं आई थी तब तक एक बॉडीगार्ड को क्या करना चाहिए था। क्या गार्ड्स ने किसी पर फायरिंग की।

### तमिलनाडु में भाजपा ...

लेटर शुक्रवार को सामने आया। उन्होंने इस्तीफे की वजह बताते हुए लिखा कि पिछले 18 महीनों से आलाकमान के साथ उनके मतभेद चल रहे हैं। अब उनके विचार एक जैसे नहीं रहे। इधर, तमिलनाडु बीजेपी के उपाध्यक्ष के नागराजन ने भी पार्टी से पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

पीएम मोदी जी के नेतृत्व से प्रेरित होकर मैं 6 साल पहले भाजपा में शामिल हुआ था। मेरा मकसद तमिलनाडु में बदलाव लाना और राज्य में राजनीति के तौर-तरीकों को बेहतर बनाना था।

मैं बीजेपी नेतृत्व का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझ जैसे युवा और अनुभवहीन व्यक्ति पर भरोसा करके बड़ी जिम्मेदारियां और नेतृत्व के पद सौंपे। राज्य की जनता कई दशकों से चली आ रही आम राजनीतिक चर्चाओं से ऊब चुकी थी और बदलाव चाहती थी। पिछले दशक में कई बार बदलाव की लहरें उठीं, लेकिन वे टिक नहीं पाईं।

पिछले 18 महीनों में टॉप लीडरशिप के साथ कुछ मतभेद रहे हैं। तमिलनाडु की राजनीति को आगे बढ़ाने के तरीके को लेकर उनके और पार्टी नेतृत्व के विचार अब मेल नहीं खाते।

### ऋतब्रत बनर्जी को...

3 जून को TMC के 58 बागी विधायकों ने ऋतब्रत बनर्जी को अपना नेता चुना था। विधानसभा स्पीकर को समर्थन पत्र सौंपा था। स्पीकर ने उन्हें नेता विपक्ष के रूप में मान्यता दे दी।

इधर, मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि TMC के 20 से 23 सांसद बागी खेमे और BJP के संपर्क में हैं। हालांकि, इसपर ऋतब्रत बनर्जी ने शुक्रवार को कहा, ₹मैं पिछले सात दिनों से किसी सांसद के संपर्क में नहीं हूं। इसलिए यह नहीं कह सकता कि सांसद क्या करेंगे।

3 जून को 58 बागी विधायकों ने पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी को अपना नेता चुना। ये विधायक अभिषेक बनर्जी से नाराज हैं। पार्टी में विवाद उस समय शुरू हुआ, जब नेता विपक्ष चुनने के प्रस्ताव पर फर्जी साइन का आरोप लगाने के बाद ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से बाहर कर दिया गया था।

TMC के विधानसभा में कुल 80 विधायक है। वहीं, संसद में कुल 41 सांसद हैं। इनमें 28 लोकसभा और 13 राज्यसभा सदस्य शामिल हैं।

पार्टी के भीतर बगावत के बीच ममता बनर्जी ने 3 जून को ही राज्य की सभी कमेटियों और फ्रंटल संगठनों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया था।

### जनता कांग्रेस से ...

पहले कोरोना और फिर अब दुनिया में तेल, पेट्रोल और गैस की सप्लाई में दिक्कत आ रही है। मुझे गर्व है कि भारत आज 140 करोड़ देशवासियों की मदद से इस चुनौती का सामना कर रहा है।

12 साल पहले देश में सोलर एनर्जी का प्रोर्डक्शन न के बराबर था, लेकिन आज हम दुनिया के टॉप 5 देशों में से एक हैं। हमने इथेनॉल ब्लेंडिंग की। गैस की पाइपलाइन बनाई, ताकि देश में एनर्जी की कोई भी समस्या सामने नहीं आए।

गुजरात निकाय चुनाव में भाजपा की जीत के लिए सभी का अभिवादन। भाजपा की विजय की यात्रा चलती ही जा रही है। दुनिया के लोकतांत्रिक समाज में कम ही देखने को मिलता है कि किसी पार्टी को इतने समय तक जनता का समर्थन मिलता है। हमारी सरकार देश के विकास के लिए काम कर रही है। इसलिए देश की जनता भाजपा को बार-बार वोट दे रही है। पिछले दिनों जब मैं 5 देशों की यात्रा पर था, वहा भी हर कोई बंगाल-बंगाल कर रहा था।

L&T कॉप्लेक्स भारत का अत्याधुनिक रक्षा निर्माण केंद्र है। यहां सेना के लिए बख्तरबंद वाहन, तोप से जुड़े सिस्टम और अन्य सैन्य प्लेटफॉर्म बनाए, असेंबल (जोड़े) और परीक्षण किए जाते हैं।

### सर्किट हाउस में ...

सर्किट हाउस में दिए गए इन बयानों के बाद जिले में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और विभिन्न दलों की प्रतिक्रियाओं पर नजर बनी हुई है।

### 'पाकिस्तान के कब्जे...

हालांकि, यह पाकिस्तान के कब्जे में है। इसी वजह से वहां होने वाले हर चुनाव या राजनीतिक कदम पर भारत आमतौर पर आपत्ति दर्ज कराता है।

गिलगित-बाल्टिस्तान में साढ़े पांच साल बाद हो रहे हैं। इससे पहले यहां नवंबर 2020 में चुनाव हुए थे, जिनमें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) ने जीत हासिल की थी। यहां का कार्यकाल 5 साल का होता है। 2020 में चुनी गई विधानसभा ने नवंबर 2025 में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया था। नियमों के मुताबिक इसके बाद नए चुनाव कराए जाने थे, लेकिन खराब मौसम और प्रशासनिक कारणों से मतदान समय पर नहीं हो सका। क्षेत्र में सर्दियों के दौरान भारी बर्फबारी होती है, जिससे कई इलाकों में आवागमन प्रभावित हो जाता है। गिलगित-बाल्टिस्तान और Pok (जिसे पाकिस्तान आजाद जम्मू-कश्मीर कहता है) की प्रशासनिक व्यवस्था अलग-अलग रही है।

# लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन 16 विकेट गिरे

## इंग्लैंड पहली पारी में 140 पर ऑलआउट, न्यूजीलैंड 61/6, रॉबिन्सन को 4 विकेट

मुकाबला





नई दिल्ली, एजेंसी

न्यूजीलैंड के इंग्लैंड दौरे का पहला टेस्ट लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। पहले दिन गेंदबाज हावी रहे। यहां गुरुवार को कुल 16 विकेट गिरे। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। इंग्लैंड पहली पारी में 140 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में न्यूजीलैंड ने स्टंप्स तक 61 रन पर 6 विकेट गंवा दिए। ग्लेन फिलिप्स 31 और नाथन स्मिथ 6 रन पर नाबाद रहे। इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन ने 4 विकेट लिए। गस एटकिंसन और जोश टंग को एक-एक विकेट मिला। मैच के दौरान बारिश और खराब रोशनी ने भी खेल में बाधा डाली। दोपहर में बारिश के कारण लगभग दो घंटे का खेल रुका, जबकि खराब रोशनी की वजह से चाय और दिन का खेल निर्धारित समय से पहले समाप्त करना पड़ा। इंग्लैंड की आखिरी जोड़ी जोश टंग और शोएब बशीर ने 22 रन जोड़कर टीम को 140 रन तक पहुंचाया। दिन के अंत तक यह साझेदारी इंग्लैंड के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होती दिख रही है।

### रॉबिन्सन ने पहले ओवर में ही 3 विकेट लिए

रॉबिन्सन ने पहले ओवर में तीन विकेट झटके। उन्होंने तीसरी, 5वीं और छठी गेंद पर विकेट लिए। उन्होंने डेवोन कॉन्वे (एक रन), केन विलियमसन (3 रन) और रचिन रवींद्र (जीरो) को जल्दी आउट किया।

इसके बाद गस एटकिंसन ने कप्तान टॉम लैथम को 3 रन पर आउट कर न्यूजीलैंड का स्कोर 12/4 कर दिया। रॉबिन्सन ने डेरिल मिचेल को भी पवेलियन भेजा, जबकि जोश टंग ने टॉम ब्लंडेल का विकेट लिया। न्यूजीलैंड के टॉप-5 बैटर्स सिर्फ 16 रन बना सके। इनमें से दो खाता भी नहीं खोल सके।



डेवोन कॉन्वे का विकेट सेलिब्रेट करते ओली रॉबिन्सन।

### पहले इंग्लैंड की बल्लेबाजी भी लड़खड़ाई

न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। बादलों से घिरे मौसम और तेज गेंदबाजों के लिए मददगार परिस्थितियों का कीवी गेंदबाजों ने पूरा फायदा उठाया। फरवरी 2024 के बाद टेस्ट खेलने उतरे काइल जैमीसन ने 62 रन देकर 5 विकेट लिए और इंग्लैंड की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। नाथन स्मिथ ने 3 और विल ओ'रूर्के ने 2 विकेट लिए। इंग्लैंड की ओर से हैरी ब्रूक ने सबसे ज्यादा 52 रन बनाए। कप्तान बेन स्टोक्स ने 35वें जन्मदिन पर उपयोगी पारी खेली, लेकिन बड़ी साझेदारी नहीं बना सके।

# फ्रेंच ओपन-विमेंस फाइनल में पोलैंड की माया-रूस की मीरा

## दोनों पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल में भिड़ेंगी

नई दिल्ली, एजेंसी



पोलैंड की माया ख्वालिंस्का और रूस की मीरा एंड्रीवा फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंच गई हैं। शनिवार को दोनों के बीच खिताबी मुकाबला होगा। महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में माया ख्वालिंस्का ने 25वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर को 7-6 (4), 6-4 से हराया। इस जीत के साथ 24 साल की माया फ्रेंच ओपन के इतिहास में फाइनल तक पहुंचने वाली पहली क्वालिफायर बन गई हैं। उन्होंने क्वालिफाइंग राउंड से मुख्य ड्रॉ तक लगातार 9 मैच जीते हैं और पूरे अभियान में सिर्फ एक सेट गंवाया है। दूसरे सेमीफाइनल में मीरा एंड्रीवा ने मार्ता कोस्ट्युक को 6-1, 6-3 से हराया। एंड्रीवा के करियर का यह पहला ग्रैंड स्लैम फाइनल होगा। मैच जीतने के बाद माया कोर्ट पर बैठ गईं और अपनी कुर्सी पर जाकर तौलिए में मुंह छिपाकर रोने लगीं। ग्रैंड स्लैम इतिहास में वे फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी क्वालिफायर हैं। उनसे पहले 2021 में एमा रादुकानु ने US ओपन में क्वालिफायर के तौर पर फाइनल में पहुंचकर खिताब जीता था।

ऐतिहासिक जीत के बाद जब माया ख्वालिंस्का से उनकी फीलिंग्स के बारे में पूछा गया, तो वे कुछ देर शून्य में देखती रहीं। उन्होंने कहा,'यह ईमानदारी से एक सपने जैसा है। मुझे नहीं पता कि क्या हो रहा है और मैं क्या कहूं। कोई यह दिखावा न करे कि उसे इसकी उम्मीद थी।

# पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया से लगातार तीसरी वनडे सीरीज जीती

## लाहौर में 4 विकेट से हराया, बाबर आजम ने बनाए सबसे ज्यादा 40 रन

नई दिल्ली। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार तीसरी वनडे सीरीज अपने नाम कर ली। ऑस्ट्रेलिया पहले बल्लेबाजी करते हुए 42 ओवर में 157 रन पर सिमट गई थी। जवाब में पाकिस्तान ने 41.1 ओवर में 6 विकेट खोकर 158 रन का टारगेट हासिल कर लिया। पाकिस्तान के लिए बाबर आजम ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। शादाब खान ने नाबाद 29 रन की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मैथ्यू कुहनेमैन ने 38 रन देकर 3 विकेट लिए, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके। बारिश के कारण मैच 15 मिनट देरी से शुरू हुआ था।

पाकिस्तान के गेंदबाजों ने टर्निंग ट्रैक का पूरा फायदा उठाया। शाहीन शाह अफरीदी सबसे सफल रहे। उन्होंने अपने दूसरे स्पेल की शुरुआती तीन गेंदों में जोश इंगलिस और कैमरून ग्रीन को पवेलियन भेजकर ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका दिया। शाहीन ने 3 विकेट लिए।





अबरार अहमद ने मैथ्यू रेनशॉ और कूपर कॉनोली को आउट कर 2 विकेट लिए। पांच मैचों से विकेट के लिए तरस रहे शादाब खान ने भी लय हासिल की और 2 विकेट चटकाए। उन्होंने ओली पीक और एडम जम्पा को आउट किया।

### ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी 38 रनों पर खोए 7 विकेट

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। मैच की दूसरी गेंद पर मैथ्यू शॉर्ट बिना खाता खोले शाहीन शाह अफरीदी का शिकार बने। इसके बाद कप्तान जोश इंगलिस ने 71 गेंदों में 65 रन की तेज पारी खेलकर पारी संभाली।

इंगलिस ने एलेक्स कैरी (19 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की। एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 3 विकेट पर 119 रन था और टीम मजबूत स्थिति में दिख रही थी। लेकिन हैरिस रऊफ ने कैरी को बोल्ड कर साझेदारी तोड़ दी।

## सूर्यकुमार यादव को हटाया, तिलक उपकप्तान, वैभव सूर्यवंशी को पहली बार मौका मिलेगा

# दावा : श्रेयस अय्यर भारत के टी-20 कप्तान बनेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

श्रेयस अय्यर भारत के नए टी-20 कप्तान बन सकते हैं। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक सूर्यकुमार यादव को कप्तानी से हटा दिया गया है। वहीं बैटर तिलक वर्मा को उपकप्तान बनाए जाने की संभावना है। भारतीय टीम का ऐलान शनिवार को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए किया जाएगा।

IPL 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में शामिल किया जाएगा। 6 जून को होने वाली सिलेक्शन कमेटी की मीटिंग में अय्यर भी शामिल हो सकते हैं।

श्रेयस ने भारत के लिए अपना आखिरी टी-20 मैच दिसंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरु में खेला था। टीम कॉम्बिनेशन के चलते वे टीम से बाहर थे। इसी साल जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में उन्हें इंजरी रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल किया गया था, लेकिन वर्ल्ड कप की तैयारियों के कारण उन्हें प्लेइंग-11 में मौका नहीं मिला। अब लगभग ढाई साल बाद उनकी नेशनल टीम में वापसी हो रही है।



### 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को मौका

बिहार के 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को पहली बार भारतीय सीनियर टीम में शामिल किया जाएगा। वे 1980 के दशक के अंत में सचिन तेंदुलकर के सिलेक्शन के बाद से भारतीय मेंस टीम में चुने जाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बनेंगे।

वैभव ने IPL 2026 में 237.30 के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए हैं। सीनियर दौरे से पहले वे 9 से 21 जून तक श्रीलंका में अफगानिस्तान के साथ होने वाली ट्राई-सीरीज में इंडिया-ए के लिए खेलेंगे।

सूर्यकुमार ने 113 मैचों में 3272 रन बनाए हैं। उनका औसत 36.35 और स्ट्राइक रेट 162.94 रहा है। सूर्यकुमार के नाम 4 शतक और 25 अर्धशतक दर्ज हैं। उनका बेस्ट स्कोर 117 रन है। सूर्या ने 297 चौके, 179 छक्के और 58 कैच भी लिए हैं।

सूर्या की कप्तानी में भारत ने 52 टी-20 मैच खेले। इसमें 42 जीते , 8 हार और दो मैच नो रिजल्ट रहा। उनका जीत प्रतिशत 80.76% है। सूर्यकुमार की अगुआई में भारत ने 2026 टी-20 वर्ल्ड कप, 2025 एशिया कप अपने नाम किया था।

### आईपीएल में इस सीजन 498 रन बनाए

श्रेयस ने पंजाब किंग्स (PBKS) के लिए हाल ही में खत्म हुए IPL 2026 में 168.81 के स्ट्राइक रेट से 498 रन बनाए। वे साल 2025 में भी पंजाब किंग्स को फाइनल तक ले जा चुके हैं, जहां उन्होंने 604 रन बनाए थे। इससे पहले उन्होंने 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) को खिताब जिताया था और 2020 में दिल्ली कैपिटल्स (DC) को फाइनल में पहुंचाया था।

> सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने इसी साल 8 मार्च को टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। इस जीत के साथ भारत अपने टाइटल को डिफेंड करने और लगातार दो टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीतने वाला दुनिया का पहला देश बना।

## मनोरंजन

## प्रोड्यूसर ने पेमेंट रोककर 16 लाख का जुर्माना लगाया, रुबीना दिलैक बोलीं- मजबूरी में घर-गाड़ी बेची

# ब्रेकअप के बाद सुसाइड के ख्याल आए : रुबीना दिलैक

नई दिल्ली, एजेंसी

पहले शॉट में 17 रीटेक, डायरेक्टर की फटकार और शिमला लौट जाने के ताने से रुबीना दिलैक ने करियर की शुरुआत में अपमान और संघर्ष झेले। बाद में एक प्रोड्यूसर की कथित धोखाधड़ी से उन्हें लाखों का नुकसान हुआ और घर-कार बेचनी पड़ी। ब्रेकअप हुआ तो डिप्रेशन में चली गईं। सुसाइड तक के ख्याल आए। मुश्किलों का सामना करते हुए रुबीना ने खुद को संभाला। आज वह टीवी की लोकप्रिय एक्ट्रेस में शुमार हैं और बिग बॉस 14 जीतने के बाद खतरों के खिलाड़ी 15 तक पहुंची हैं। प्रोड्यूसर ने उन पर काम में देरी और गैर-पेशेवर होने का आरोप लगाकर 16 लाख का जुर्माना लगाया था और उनकी पेमेंट भी रोक ली थी। इस नुकसान की भरपाई के लिए रुबीना को घर और गाड़ियां बेचनी पड़ीं। 'बॉलीवुड बबल' को दिए एक इंटरव्यू में रुबीना ने बताया था, 'यह 2011 की बात है। मैंने करीब 9 महीने तक काम किया, लेकिन मुझे मेरी पेमेंट रोक दी गई। मैंने कई बार प्रोडक्शन हाउस और डायरेक्टर को फोन किया। उनके ऑफिस के चक्कर लगाए और उनसे गुजारिश की कि मेरा भुगतान कर दिया जाए। करीब नौ महीने बाद उन्हें एक रिकॉर्ड दिखाया गया, जिसमें शूटिंग में देरी और उससे हुए नुकसान का हिसाब था।

> रुबीना कहती हैं- मैं कंजरवेटिव माहौल से आती हूं। उस समय इस इंडस्ट्री को बहुत अच्छी नजर से नहीं देखा जाता था। जब मैं पहली बार मुंबई आई तो मेरे अंदर बहुत डर था। पढ़ाई, करियर और नए शहर में खुद को स्थापित करना, हर चीज डराती थी। हर डर को पार करने की कोशिश ने मुझे मजबूत बनाया।

### पढ़ाई के साथ वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में सक्रिय रहीं

रुबीना दिलैक ने शुरुआती पढ़ाई शिमला पब्लिक स्कूल और सेंट बेड्स कॉलेज से की। उनके पिता लेखक हैं और हिंदी में कई किताबें लिख चुके हैं। स्कूल और कॉलेज के दिनों में रुबीना पढ़ाई के साथ वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में सक्रिय रहीं। वह राष्ट्रीय स्तर की डिबेट चैंपियन रह चुकी हैं। उन्होंने अंग्रेजी साहित्य में ग्रेजुएशन किया। इसमें राजनीति विज्ञान भी उनका विषय था। एक्टिंग में आने से पहले उन्होंने कई ब्यूटी कॉन्टैस्ट में हिस्सा लिया। 2006 में उन्हें 'मिस शिमला' और 2008 में 'मिस नॉर्थ इंडिया' का खिताब मिला।

### आईएएस बनने का सपना था, ऑडिशन ने बदल दी जिंदगी

रुबीना दिलैक का सपना भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) में जाने का था और वह इसकी तैयारी कर रही थीं। इसी दौरान चंडीगढ़ में एक ऑडिशन के लिए उनका सिलेक्शन हुआ, जिसने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी। उन्होंने 2008 में जी टीवी के शो 'छोटी बहू' से अभिनय की शुरुआत की। जब रुबीना ने एक्टिंग में जाने का फैसला किया, तो उनके पिता ने काफी समय तक उनसे बात करना बंद कर दिया था। परिवार को एंटरटेनमेंट वर्ल्ड का माहौल सुरक्षित नहीं लगता था। 'मिस शिमला' और 'मिस नॉर्थ इंडिया' का खिताब जीतने के बाद पिता का नजरिया बदला और उन्होंने रुबीना को अपनी राह चुनने की इजाजत दी।

### डायरेक्टर से सुननी पड़ी थी गाली

'छोटी बहू' की शूटिंग के दौरान रुबीना अपमानित भी हुई थीं। वे बताती हैं कि पहले शॉट में मैंने 17 रीटेक दिए थे। यह देख डायरेक्टर नाराज हो गए और गाली देते हुए कहा था- 'ये सेब की पेटी कहां से ले आए, इसे वापस भेजो।' करियर के शुरुआती दिनों में रुबीना के लुक को लेकर भी उनकी बेइज्जती की जाती थी।







## 5 जुलाई को गर्लफ्रेंड गौरी से करेंगे शादी, 2025 में रिलेशनशिप पब्लिक किया था

# आमिर खान ने तीसरी शादी की खबर को कन्फर्म किया

नई दिल्ली। आमिर खान ने गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ शादी की खबर को गुरुवार को कन्फर्म कर दिया। आमिर की यह तीसरी शादी होगी। वैरायटी इंडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं इस समय अमेरिका में हूं। शादी की खबर सही है। हमारी शादी 5 जुलाई को होगी।'

कुछ महीने पहले आमिर ने कहा था कि शादी उनकी प्राथमिकता नहीं है और वह गौरी के साथ ऐसे ही खुश हैं, लेकिन अब उनका कहना है कि समय के साथ दोनों की भावनाएं बदल गई हैं। आमिर ने कहा, 'अब हम दोनों को लगता है कि अपने रिश्ते को अगले पड़ाव पर ले जाने का समय आ गया है।'

उन्होंने आगे कहा, 'गौरी और मैं एक-दूसरे को लेकर सीरियस हैं। हम एक मजबूत रिश्ते में हैं। मेरे दिल में तो मैं खुद को पहले से ही उनका पति मानता हूं। अब इस रिश्ते को शादी का नाम देना हमारे साथ की एक स्वाभाविक अगली शुरुआत है।'आमिर ने पहली शादी साल 1986 में फिल्म प्रोड्यूसर रीना दत्ता से की थी। साल 2002 में रीना से अलग होने के बाद आमिर ने साल 2005 में डायरेक्टर किरण राव से दूसरी शादी की थी। साल 2021 में किरण और आमिर का तलाक हो गया था। आमिर ने साल 2025 में अपने 60वें जन्मदिन पर गौरी के साथ अपने रिलेशनशिप को पब्लिक किया था। गौरी बेंगलुरु की रहने वाली एक सैलून आंत्रप्रेन्योर और फैशन प्रोफेशनल हैं। उनके पिता तमिल-ब्रिटिश मूल के और मां पंजाबी-आयरिश मूल की हैं। गौरी 1920 के दशक में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े ब्रिटिश कम्युनिस्ट फिलिप स्प्रैट की पोती हैं। आमिर की तरह गौरी भी पहले शादीशुदा रही हैं और उनका एक 7 साल का बच्चा है। गौरी और उनका बच्चा पिछले दो साल से मुंबई में साथ रह रहे हैं।



आमिर और गौरी एक-दूसरे को पिछले 25 सालों से जानते हैं। दोनों पहले काफी अच्छे दोस्त थे, जिसके बाद उन्होंने एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया। जब से आमिर और गौरी ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया है, तब से गौरी को अक्सर आमिर के साथ अलग-अलग इवेंट्स और मौकों पर साथ देखा जाता है।

## रोजमर्रा के किस्सों से फिर खनखनाई 'गुल्लक'

# फैमिली ड्रामा में दीपिका पादुकोन का मुद्दा



मुंबई। तुम मम्मी थोड़ी हो, जो बिना पेमेंट मजदूरी करोगे... और बॉस के चरणों में सूरज से ज्यादा विटामिन डी होता है.. जैसे डायलॉग बताते हैं कि 'गुल्लक' के पांचवें सीजन में एक आम आदमी के मन में आने वाली बातों को कितनी सहजता और मनोरंजक तरीके से दिखाया गया है। डिजिटल प्लेटफार्म पर ऐसी बहुत गिनी-चुनी कहानियां हैं, जिन्हें परिवार के साथ बैठकर बेझिझक देखा जा सकता है। साल 2019 में प्रदर्शित वेब सीरीज गुल्लक भी उन्हीं में है। जिसके पिछले चार सीजन खूब पसंद किया। एक आम मध्यवर्गीय वेतनभोगी परिवार की कहानी को पांचवें सीजन में भी उसी लय में आगे बढ़ाया गया है। हालांकि, पिछले चारों सीजन को पांच-पांच एपिसोड में खत्म किया गया था, जबकि पांचवा सीजन सात एपिसोड का है। पिछले चार सीजन की तरह इस सीजन भी मिश्रा परिवार का घर मिश्रा निवास कहानी में पात्र की तरह है। हानी की शुरुआत घर की रंगाई पुताई से होती है। संतोष मिश्रा (जमील खान) घर को फिर से चमकाने की कोशिश में लगे हैं, लेकिन रंग ऐसा कि हर किसी को यकीन दिलाना पड़ रहा है कि उन्होंने घई की रंगाई कराई है। उनका बड़ा बेटा आनंद यानी अन्नू (अनंत जोशी) नौकरी, परिवार और दिल के बीच संतुलन बनाने की कोशिश में लगा है।

इस बार कहानी में पिंकी मामा (गोपाल दत्त) की नई एंट्री है। पिछले चार सीजन में अन्नू की भूमिका निभाने वाले अभिनेता वैभव राज गुप्ता की जगह इस बार अनंत जोशी ने यह भूमिका निभाई है। हालांकि, अनंत ने ऐसा कहीं महसूस नहीं होने दिया कि वह गुल्लक की टीम में नए हैं। लहजा हो या बोलचाल की शैली या भाई-भाई की बीच मीठी नोंक-झोक वह स्वाभाविक अन्नू लगे हैं।

